आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 319- ● जबलपुर ● शनिवार, 25 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

देश में क्रिसमस की धूम

नई दिल्ली। कोरोना की पाबंदियों के बीच आज दुनियाभर में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। भारत में भी इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। देशभर के गिरजाघरों में प्रार्थना की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसके लिए गिरजाघरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है। वहीं बाजार भी लजीज केक, चॉकलेट और मिठाइयों और गिफ्ट से अटे पड़े हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने देश को क्रिसमस की बधाई दी है।

खेल नीति के 15 साल बाद भी 25 जिलों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं

भोपाल। नियंत्रक महालेखाकार (सीएजी) की रिपोर्ट में एक अहम खुलासा हुआ जिसके अनुसार 52 में से 25 जिलों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। यही नहीं जो 18 खेल अकादमियां प्रदेश में स्थापित की गई हैं, उनमें से कोईभी जनजाति बहुल 15 जिलों में नहीं है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के आने के बाद 2005 में लाई गई खेल नीति में कहा गया था कि सभी जिलों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना थी लेकिन जनवरी 2020 की स्थिति में 25 जिलों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश में 2005 में खेल नीति आई थी जिसमें प्रदेश के सभी जिलों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई थी। मगर 15 सालों में जिन जिलों में खेल अधोसरंचरना विकसित हुए उनमें से छह जिलों भोपाल, जबलपुर, सीहोर, सागर, दमोह व पन्ना में ही 53 फीसदी इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित कर दिए गए। शेष 21 जिलों में 47 प्रतिशत खेल अधोसंरचना विकसित की गईं। सीएजी ने इस असंतुलन को लेकर भी कमेंट किया है कि रोडमैप की कमी के साथ आवश्यक आकलन में अनियोजित विकास दिखाई देता है। खेल नीति 2005 में जनजातीय प्रतिभाओं को खोजने पर जोर दिया गया था। इसके बाद दिसंबर 2011 में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद ने राज्य के सभी विभागों में जनजातीय जनसंख्या के मुताबिक बजट आवंटन की सिफारिश की थी और फिर अगस्त 2012 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने भी सिफारिश की। मगर इसके बाद भी मार्च 19 तक प्रदेश में 18 खेल अकादमियों की स्थापना में इसका ध्यान नहीं रखा गया। 2011 की जनगणना में प्रदेश में 21.1 प्रतिशत जनजातीय आबादी होने तथा 15 जिलों में 33 से 89 फीसदी जनजातीय आबादी होने के बाद भी इन जिलों में कोई खेल अकादमी स्थापित नहीं की गई। सीएजी रिपोर्ट में इस तथ्य का खुलासा किया गया और खेल अकादमियों में से 13 भोपाल में ही खोल दिए जाने की बात कही है।

मप्र में कैग रिपोर्ट का खुलासा

विभाग के तर्कों को सीएजी ने नकारा

विभाग के प्रमुख सचिव ने सभी जिलों में खेल विभाग व शासन के अन्य विभागों की खेल अधोसंरचना होने का दावा किया तो सीएजी ने रिपोर्ट में इसे नकार दिया। इसमें कहा गया कि प्रमुख सचिव की ओर से सभी जिलों में खेल अधोसंरचना होने के रिकॉर्ड पेश नहीं किए जाने से यह उत्तर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी तरह प्रमुख सचिव ने खेल अकादमियां आदिवासी या दूरस्थ अंचल में स्थापित नहीं किए जाने के पीछे यह तर्क दिया कि राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक वहां जाना पसंद नहीं करते और इसीलिए वहां अकादमी स्थापित नहीं की गईं।

फटाफट खबरें

राधा हमारे लिए पूजनीय, सनी लियोनी कर रही अश्लील डांस संतों ने कहा नया वीडियो एलबम बैन किया जाए



मथुरा। सनी लियोनी अपने नए गाने मधुबन में राधिका नाचे को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस गाने पर लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है। ज्यादातर लोग इस गाने का वीरोध कर रहे है। गाने में बेशक सनी ने बेहतरीन डांस मूव्स दिखाए हों लेकिन मथुरा में इसका खास विरोध किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में संतों ने सनी लियोनी के इस नए वीडियो एलबम को बैन करने की मांग की है।संतों का कहना है कि सनी ने गाने पर अश्लील डांस किया है। ऐसे में उसे बैन कर देना चाहिए। उन्होंने डांस को अश्लील बताते हुए हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, 'अगर सरकार ने एक्ट्रेस के खिलाफ कार्रवाई नहीं की और उसके वीडियो एलबम पर प्रतिबंध नहीं लगाया तो हम अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

गोवा में ममता को झटका, 5 नेताओं ने छोड़ी टीएमसी

पणजी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गोवा में बड़ा सियासी झटका लगा है। पूर्व विधायक लवू मामलातदार सहित तृणमूल कांग्रेस के पांच नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। ममता के नाम लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा है, हम ऐसी पार्टी के साथ नहीं रहना चाहते जो गोवा को बांटने की कोशिश कर रही है। इस्तीफा देने वालों में लवू मामलातदार के अलावा राम मांडरेकर, किशोर परवार, कोमल परवार और सुजय मलिक का नाम शामिल है। उन्होंने कहा, हम टीएमसी में इस उम्मीद के साथ शामिल हुए थे कि यह गोवा और गोवावासियों के लिए उज्जवल दिन लाएगी। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि टीएमसी गोवा और गोवा के लोगों को नहीं समझ पायी है। तृणमूल छोड़ने वाले सदस्यों ने अपने त्याग पत्र में गोवा में ममता बनर्जी के चुनाव प्रचार पर सवाल उठाया।

हालात नहीं सुधरे तो लॉकडाउन

नई दिल्ली। देश में ओमिक्रोन मरीजों का आंकड़ा 400 के करीब पहुंच गया है। 17 राज्यों में यह वेरिएंट फैल गया है और रोज बड़ी संख्या में नए केस सामने आ रहे हैं। यही कारण है कि केंद्र सरकार की सलाह के बाद कई राज्यों ने अपने यहां नाइट कर्फ्यू लगा दिया है और स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यदि हालात नहीं सुधरे तो लॉकडाउन या लॉकडाउन जैसी पाबंदियां लगाई जा सकती हैं।

क्रिसमस और न्यू ईयर के मौके पर भीड़ उमड़ने के डर से ये पाबंदियां लगाई गई हैं। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है कि नए साल का आगाज लॉकडाउन से हो सकता है। अपील की जा रही है कि लोग मास्क लगाएं, शारीरिक दूरी का पालन करें, नियमित जांच करवाएं। महाराष्ट्र, सरकार ने ओमिक्रोन वेरिएंट के बढ़ते मामलों और आगामी छुट्टियों के मौसम के मद्देनजर शुक्रवार को नए कोविड -19 दिशानिर्देश जारी किए। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य भर में सार्वजनिक स्थानों पर सुबह 9 बजे से सुबह 6 बजे तक 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है।

बंद हो सकते हैं स्कूल?

अधिकांश राज्यों में नाइट कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि नए साल का आगाज लॉकडाउन या लॉकडाउन जैसी पाबंदियों के साथ हो सकता है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नाइट कर्फ्यू का ऐलान किया और कहा कि यदि कोरोना के नए केस बढ़े तो और सख्ती की जाएगी। यही संदेश अन्य राज्यों से भी है। यदि ओमिक्रोन के केस इसी तरह से बढ़ते रहे तो कई तरह की पाबंदियां लगाई जा सकती हैं। हो सकता है कि नए साल में शादियों के साथ ही अन्य आयोजनों पर रोक लग जाए। स्कूल एक बार फिर बंद कर दिए जाएं। सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में महाराष्ट्र और दिल्ली शामिल हैं। अच्छी बात यह है कि देश के 17 राज्यों में सामने आए करीब 400 मरीजों में से 124 ठीक हो चुके हैं। यानी इस संक्रमण से लोग जल्दी ठीक भी हो रहे हैं। ओमिक्रिन के बढ़ते केस के बीच केंद्र सरकार ने चिंता बढ़ाने वाली बात कही है। सरकार के मुताबिक, देश में अब तक जो केस सामने आए हैं, उनमें हर 10 में से 9 ऐसे हैं जिन्हें वैक्सीन को दोनों डोज लग चुकी है। यानी ओमिक्रोन वैक्सीन के असर को भी बेअसर कर रहा है।

अहमदनगर में नो वैक्सीन, नो एंट्री

नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के केस महाराष्ट्र में लगातार बढ़ रहे हैं। राज्य की उद्धव ठाकरे सरकार ने यहां संक्रमण पर काबू पाने के लिए कई तरह के प्रतिबंध भी लगाए हैं। इस बीच अहमदनगर जिले में प्रशासन ने एक खास कैंपेन चलाया है ताकि इस संक्रमण के खतरे को कम किया जाए और लोगों को वैक्सीन के प्रति भी जागरुक किया जा सके। अहमदनगर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय के 19 छात्र कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। स्कूल में पांचवीं से 12वीं कक्षा के 400 से अधिक विद्यार्थी हैं। इस कैंपेन का नाम है नो वैक्सीन, नो एंट्री अहमदनगर प्रशासन ने आदेश जारी कर कहा है कि इस कैंपेन को कड़ाई से चलाया जाए और कोई भी कोताही ना बरती जाए। यह कैंपने 25 दिसंबर यानी आज से ही चलाया जा रहा है।

विशेषज्ञों ने चेताया- दो महीनों में 10 लाख तक आएंग मामले

भारत में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रोन को लेकर चिंता बढ़ती चिंता के बीच अलग राज्यों के विशेषज्ञों द्वारा आगे की चुनौतियों पर गंभीरता से काम करने की चेतावनी दी जा रही है। बता दें कि देश में अब तक ओमिक्रोन के मामलों की संख्या बढ़कर 391 हो गई है जिनमें से 124 मरीज ठीक भी हो चुके हैं। इस बीच COVID विशेषज्ञ समिति (केरल) के सदस्य डा टीएस अनीश ने कहा कि ओमिक्रोन के मामलों की संख्या 2-3 सप्ताह में 1000 तक पहुंचने के आसार है।उनका कहना है, वैश्विक रुझानों से पता चलता है कि ओमिक्रोन के मामलों की संख्या 2-3 सप्ताह में 1000 और शायद 2 महीनों में एक मिलियन तक पहुंचने जा रही है।

10 राज्यों में टीमें भेजेगा केंद्र

भारत में ओमीक्रोन मामलों की संख्या 400 के पार चली गई है। हालात पर काबू पाने के लिए कई राज्य सरकारों ने नाइट कर्फ्यू समेत पाबंदियों का ऐलान किया है। उधर, केंद्र सरकार ने उन 10 राज्यों की पहचान की है जहां से ओमीक्रोन और कोविड-19 के ज्यादा मामले आ रहे हैं। इन राज्यों में वैक्सीनेशन की रफ्तार भी धीमी है। केंद्र ने इन राज्यों में मल्टी-डिसिप्लिनरी टीमें भेजने का फैसला किया है। जिन राज्यों में ये टीमें भेजी जाएंगी, वे हैं - केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, कर्नाटक, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पंजाब।

शोपियां में दो आतंकी ढेर

जम्मू। जम्मू कश्मीर के शोपियां में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। मौके से सुरक्षाबलों को हथियार मिले हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों आतंकी संगठन जैश से जुड़े हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि चौगाम में शनिवार सुबह हुई मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी मारे गए हैं। आतंकवादियों की पहचान ब्रारीपोरा के सज्जाद अहमद चेक और पुलवामा के राजा बासित नजीर के रूप में हुई है। फिलहाल नामों की अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। इससे पहले पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने तड़के इलाके की घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही पुलिस की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की तरफ गई। छिपे हुए आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षाबलों ने दोनों को मार गिराया। शुक्रवार को अनंतनाग में सुरक्षा बलों ने एक आतंकी को मार गिराने में कामयाबी हासिल की थी। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाने के बाद जवाबी कार्रवाई में आतंकी मारा गया था।

हथियार बरामद, इलाके में तलाशी अभियान जारी

फिर डरा रही महंगाई, नए साल में राहत की उम्मीद नहीं

नई दिल्ली। दुनिया भर में इन दिनों महंगाई को लेकर लोग परेशान हैं। लगभग हर बड़े देश में महंगाई पुराने रिकॉर्ड तोड़कर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। हाल ये है कि अमेरिका में 1982 के बाद महंगाई उच्च स्तर पर है तो दूसरी ओर भारत में थोक महंगाई का आंकड़ा 12 साल के हाई पर पहुंच चुका है। 50 साल बाद फिर से दुनिया महंगाई की मार से घबरा रही है। दुनिया भर में इन दिनों महंगाई को लेकर लोग परेशान हैं। लगभग हर बड़े देश में महंगाई पुराने रिकॉर्ड तोड़कर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। वहीं दूसरी ओर इसे नियंत्रित करने के तमाम उपाय नाकामयाब होते दिख रहे हैं। यही कारण है कि अमेरिका, चीन, जापान और भारत समेत कई देशों में लोगों को नए साल में महंगाई और बढ़ने का डर सता रहा है। हाल ये है कि अमेरिका में 1982 के बाद महंगाई उच्च स्तर पर है तो दूसरी ओर भारत में थोक महंगाई का आंकड़ा 12 साल के हाई पर पहुंच चुका है। ऐसे में ऐसे में पांच दशक बाद अब फिर से आम लोगों समेत विशेषज्ञों को महंगाई का डर सता रहा है। संभावना जताई जा रही है कि नए साल में भी लोगों की जेब पर बोझ कम नहीं होगा। कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद से दुनियाभर के देशों में जो हाहाकार मचा और आर्थिक स्तर पर जो बड़ा नुकसान हुआ, उसकी भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी ओर कोरोना के नए-नए रूप लोगों में खौफ पैदा कर रहे हैं।

लुधियाना कोर्ट में RDX से किया गया था धमाका?

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना जिला अदालत परिसर में हुए विस्फोट की जांच कर रही एनएसजी बम दस्ते और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स को प्रारंभिक विश्लेषण से पता चला है कि उच्च विस्फोटक वाला बम था। और संभवत- उस व्यक्ति द्वारा इकट्ठा किया जा रहा था जिसकी मृत्यु उस समय हुई थी जब बम गलती से शौचालय के अंदर चला गया था। एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने कहा है कि मृतक को जिस हिसाब से चोट लगी है है, वह बताता है कि विस्फोटक को तत्काल गढ़ा जा रहा था। उसके शरीर में एल्यूमीनियम और प्लास्टिक के छर्रे पाए गए, जिससे विस्फोट में ज्यादा से ज्यादा घायल होने की मंशा की पुष्टि हुई है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि बम को शौचालय में इकट्ठा किया जा रहा था और संभवत- इसे किसी अन्य स्थान पर अधिक संख्या में लगाने का इरादा था। हालांकि विस्फोट के प्रभाव के कारण शौचालय में पानी का पाइप फटने पर निशान बह गए थे। सूत्रों ने कहा कि फोरेंसिक नमूने आईईडी की सटीक संरचना की पुष्टि करेंगे। एक अधिकारी ने आरडीएक्स की मौजूदगी से इनकार नहीं करते हुए कहा, यह एक उच्च विस्फोटक प्रतीत होता है। मृतक पीड़ित और संदिग्ध हमलावर के अलावा कुछ अन्य लोग परिसर के अंदर लगे सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। विस्फोट में उनकी संभावित भूमिका का पता लगाया जा रहा है।

NSG के हाथ लगे हैं अहम सबूत

प्रेजिडेंट संग सदैव अटल पहुंचे पीएम मोदी, अर्पित की पुष्पांजलि

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर पूरे देश में कई तरह के आयोजन हो रहे हैं। पीएम मोदी राष्ट्रपति कोविंद के साथ अटल जी के समाधि स्थल पर भी पहुंचे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के समाधि स्थल सदैव अटल पर पहुंचकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पीएम नरेन्द्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित की।

ब्रिटेन में कोरोना से हाहाकार, 24 घंटे में रिकार्ड 1.22 लाख मामले

लंदन। कोरोना महामारी को लेकर ब्रिटेन से बेहद ही डरावने आंकड़े सामने आ रहे हैं। 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के रिकार्ड 1,22,186 नए मामले मिले हैं और 137 मौतें हुई हैं। वहीं, एक प्रारंभिक सांख्यिकी माडल आंकड़ों के मुताबिक पिछले हफ्ते लंदन में कोरोना से हर 20वां व्यक्ति संक्रमित हुआ। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों के चलते क्रिसमस और उसी पूर्व संध्या पर तीन हजार से ज्यादा उड़ानें रद कर दी गई हैं। ब्रिटेन के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक लगातार तीन दिनों से एक लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। गुरुवार को 1,19,789 मामले मिले थे, जबकि बुधवार को 1.06 लाख केस सामने आए थे। गुरुवार के 147 मौतों की तुलना में शुक्रवार को कुछ कम 137 मौतें हुईं।

लंदन में हर 20वां व्यक्ति संक्रमित, दुनिया भर में 3,000 उड़ानें रद

भोपाल-होशंगाबाद में रिश्वतखोर धराए

लोकायुक्त ने पटवारियों को दबोचा

भोपाल। मध्य प्रदेश में रिश्वतखोरों पर लोकायुक्त की विशेष पुलिस स्थापना का शिकंजा कसा है। भोपाल, होशंगाबाद रिश्वतखोरों को लोकायुक्त की टीमों ने दबोचा है। इसके पूर्व चित्रकूट में शनिवार सुबह लोकायुक्त की टीम ने मुख्य नगर पंचायत अधिकारी कृष्णपाल सिंह को एक लाख की रिश्वत लेते पकड़ा था तो दोपहर बाद भोपाल, होशंगाबाद में दो पटवारी में कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक भोपाल में एक व्यक्ति के मकान का फौती नामांतरण और लीज के नवीनीकरण का मामला था जिसमें एक वकील श्यामराज सोनी के माध्यम से शक्तिनगर क्षेत्र के पटवारी मंगलेश खंडलवाल ने आवेदन किया था। मकान के फौती नामांतरण व लीज के नवीनीकरण के लिए पटवारी खंडेलवाल ने एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसकी आठ हजार रुपए की पहली किश्त के रूप में वकील को पटवारी ने मनीषा मार्केट काम्पलेक्स में बुलाया था और वहीं लोकायुक्त की टीम ने उसे दबोच लिया। पटवारी मंगलेश खंडेलवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

बही बनाने के लिए मांगी 2000 की रिश्वत

होशंगाबाद जिले में नई बही बनाने के लिए पटवारी होशियारसिंह ने नंदकिशोर आदिवासी से दो हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। नंदकिशोर ने रिश्वत की मांग किए जाने की शिकायत लोकायुक्त की विशेष स्थापना पुलिस के भोपाल एसपी मनु व्यास को की तो शनिवार को ग्राम निसाडिया के पटवारी होशियार सिंह को होशंगाबाद के तहसील कार्यालय में रिश्वत लेते पकड़ा गया।

नियुक्ति किसी और की, ऑफिस में आ रहा कोई और!

नई दिल्ली। कई तरह के गड़बड़झालों और फ्रॉड की लिस्ट में हायरिंग फ्रॉड भी शामिल हो गया है। भारतीय कंपनियां एक नई समस्या से जूझ रही हैं और वह यह कि महामारी के दौरान जिन लोगों की नियुक्ति की गई थी वे, वे लोग नहीं हैं जो अब काम पर आ रहे हैं। इसका ताजा वाकया हाल ही में सामने आया है। हुआ यह कि बेंगलुरु की एक मिड-टियर आईटी कंपनी के अधिकारियों ने हायरिंग के बाद कोडर को वीडियो कॉल के लिए बुलाया, लेकिन उसने वीडियो कॉल पर आने से मना कर दिया। प्रोजेक्ट लीड को यह अजीब लगा क्योंकि हायरिंग के वक्त तो कैंडिडेट ने वीडियो कॉल पर इंटरव्यू दिया था। इसके बाद दो सप्ताह पहले जब वर्कफोर्स को ऑफिस बुलाया गया तो नए इंप्लॉई से मुलाकात हुई और प्रोजेक्ट लीड ने महसूस किया कि यह वह व्यक्ति नहीं है, जो इंटरव्यू के दौरान कैमरे पर दिखाई दिया था। हायरिंग फ्रॉड के तहत कुछ कैंडिडेट नौकरी पाने के लिए वीडियो मॉर्फिंग और ऑडियो प्रॉक्सी टूल का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। आईटी फर्म में जांच दल का हिस्सा रहे एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अब एक रिक्रूटर के लिए कैंडिडेट के साथ वीडियो इंटरव्यू के दौरान एक स्क्रीनशॉट लेना अनिवार्य है। हमने इंटरव्यू रिकॉर्ड करना भी शुरू कर दिया है। ईवाई में फॉरेंसिंग एंड इंटीग्रिटी सर्विसेज के ग्लोबल मार्केट्स व इंडिया लीडर अरपिंदर सिंह का कहना है, यह ज्यादातर आईटी जैसे उद्योगों में हो रहा है, जहां लोगों को बल्क में काम पर रखा जा रहा है।

नई तरह के हायरिंग फ्रॉड से जूझ रहीं कंपनियां

आधी रात को जन्मे प्रभु यीशु ,आज शहर में क्रिसमस का उल्लास

जबलपुर यशभारत। प्रभु ईसा मसीह के जन्म पर्व क्रिसमस के उल्लास में मसीही समाज डूबा हुआ है। शुक्रवार रात आठ बजे से शहर के विभिन्न् जगहों पर क्रिसमस के धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। मसीही समाज के लोगों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की। वहीं आधी रात को सभी चर्च में प्रभु यीशु ने जन्म लिया। इसके साथ ही जश्न का दौर शुरू हो गया और केक काटकर और एक-दूसरे से भेंट कर खुशियां साझा की गई। कोरोना से बचाव और नियंत्रण के लिए इस बार क्रिसमस पर पृथक व्यवस्था की गई थी। चर्चों में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए विशेष दिशा- निर्देश भी जारी किए गए थे।

क्रिसमस पर्व को लेकर शुक्रवार सुबह से ही शहर में चहल-पहल रही। मसीही बहुल क्षेत्रों में उमंग और उल्लास के बीच लोग पर्व की खुशियां मनाने आतुर नजर आए। चर्च, घरों और आराधनालयों में प्रभु ईसा मसीह के जन्म के प्रतीक आकर्षक चरनी सजाई गई। घरों को मसीही समाज के लोगों ने आकर्षण लाइटिंग के साथ स्टार से सजाया। चर्चों में परंपरानुसार पर्व मनाया गया। पिछली साल की तरह इस बार भी कोरोना मरीजों के बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए कई सावधानियों के साथ कैरोल गायन मिस्सा पूजा और गिरिजाघरों की आकर्षक सजावट के साथ शांति दूत बालक यीशु के जन्म का उत्सव मनाया गया। शहर के मसीही समाज के घरों से लेकर गिरिजाघरों तक क्रिसमस उत्सव का पारंपरिक अंदाज देखने मिला। गिरिजाघरों के घंटे को रात 12 बजे बजाकर सभी को यीशु के जन्म की सूचना दी गई। सभी ने एक-दूसरे को बालक यीशु के जन्म की बधाइयां दीं और कैरोल गाकर खुशियां मनाई। क्रिसमस उत्सव के लिए गिरिजाघरों के प्रांगण में चरनी के साथ ही यीशु के जन्म से संबंधित घटनाओं की झांकियां सजाई गई। केक काटा गया और सभी मौजूद लोगों को केक और काफी का वितरण किया गया।

गाइडलाइन का किया पालन

मसीही लेखक संघ के महासचिव संजय मैथ्यूज ने बताया कि पहले शहर के सभी गिरिजाघरों में क्रिसमस उत्सव के लिए रात 12 बजे तक आयोजन किए जाने थे लेकिन मप्र शासन के आदेशानुसार कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन शाम 6ः30 बजे से लेकर रात 10 बजे तक सीमित कर दिया गया। कैथोलिक गिरजाघर सेंट पीटर्स एंड पाल, सदर में शाम 6ः30 बजे से ही कैरोल गायन शुरू हो गया था। धर्माध्यक्ष जेराल्ड अल्मेडा की अगुवाई में मिस्सा पूजा अर्पित की गई। होली ट्रिनीटी गिरिजाघर में 7ः30 बजे से 8ः30 बजे तक कैरोल गायन हुआ उसके बाद फादर सनी कुरुविला की मौजूदगी में पारंपरिक गतिविधियां हुई। निर्मला गिरिजाघर घमापुर में फादर अमरदास ओ प्रेम की अगुवाई में विशेष आराधना व मिस्सा पूजा की गई। इसी तरह सीनियर माडरेटर सीएनआइ चर्च पीसी सिंह की मौजूदगी में कैथीड्रल गिरिजाघर क्राइस्ट चर्च में बालक यीशु के जन्मोत्सव से संबंधित विविध आयोजन किए गए। डिसाइपल्स चर्च आफ क्राइस्ट में भी उत्सव मनाया गया। शहर के सभी गिरिजाघरों में रात्रिकालीन कर्फ्यू के कारण क्रिसमस उत्सव 10 बजे तक समाप्त कर दिया गया। मसीही समाज के सदस्यों ने अपने-अपने घरों में रात 12 बजे तक जन्मोत्सव मनाया।कैथोलिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष चार्ल्स ने बताया कि क्रिसमस पर सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर बधाइयां दीं। गिरिजाघरों के साथ ही मसीही समाज के लोगों ने अपने घरों की भी विशेष सजावट की। इसके साथ ही इंटरनेट मीडिया पर भी शुभकामनाओं का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

सेंट मेरीज विद्यालय, व्हीएफजे में शानदार आयोजन

सेंट मेरीज विद्यालय, व्हीएफजे, में क्रिसमस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि वाईस प्रेसिडेंट, सेंट मेरीज स्कूल, रेव. फादर जैफिन वर्गीस ने सभी को क्रिसमस एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को क्रिसमस ट्री का महत्व समझाया एवं जीवन में क्रिसमस ट्री द्वारा मिलने वाले नैतिक मूल्यों को अपनाने को कहा।प्राचार्य मिनाती ए. चार्ल्स ने सभी को क्रिसमस एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूनम मिश्रा द्वारा किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सभी विद्यार्थियों ने सेंता क्लॉस के साथ नृत्य एवं मनोरंजन का लुफ्त उठाया एवं सेंटा द्वारा दिए गए उपहारों से से सभी विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का समापन श्रीमती रेनू सूरी द्वारा आभार प्रदर्शन से किया गया।

स्वच्छता की अलख जगाने दौड़ी संस्कारधानी

दौड़ेगा मध्य प्रदेश - जीतेगा मध्यप्रदेश के लिए स्वच्छता मित्रों ने तय की साढ़े 4 किलोमीटर की दूरी

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आव्हान पर आज स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए संस्कारधानी स्वच्छता की अलख जगाने के लिए दौड़ी । नगर निगम के द्वारा आयोजित प्लॉग रन सह स्वच्छता श्रमदान के लिए हुई इस दौड़ को प्रातः 09:00 बजे राइट टाउन स्टेडियम से विधायक अशोक रोहाणी, विनय सक्सेना ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। । जिसमें दौड़ेगा मध्य प्रदेश - जीतेगा मध्यप्रदेश के लिए स्वच्छता मित्रों ने साढ़े 4 किलोमीटर की दूरी तय की । इस विराट आयोजन में शहर को स्वच्छ बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। जिसमें स्वच्छता की अलख जगाने के लिए एक हजार से भी ज्यादा स्वछता मित्र दौड़े। पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम राइट टाउन से प्रारम्भ हुए प्लॉग रन तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक करमचंद चौक, ओमती, कलेक्ट्रेट होते हुए तैयब अली और नौदरा ब्रिज होते हुए राइट टाउन स्टेडियम में समाप्त हुआ। इस दौड़ में विधायक द्वय श्री रोहाणी, श्री सक्सेना के साथ-साथ पूर्व पार्षद श्रीमती सोना चौधरी, श्रीमती शशि श्रीवास, दिलीप पटेल, आदि ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया । प्रभारी निगमायुक्त परमेश जलोटे, अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी ने सभी सम्माननीय आमंत्रित जनों का आभार जताया ।

निगमायुक्त परमेश जलोटे ने बताया कि प्रदेशव्यापी प्लॉग रन सह स्वच्छता श्रमदान से शहर के सम्मानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाई जा रही है एवं उनके सहयोग से स्वच्छता में शहर को नंबर वन बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

जगह : जगह स्वच्छता के कार्यक्रम

निगमायुक्त ने बताया कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में जलाशयों के किनारे, मुख्य बाजारों और स्कूलों में स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित कर श्रमदान की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के

स्वच्छता दौड़ के उपरांत दोपहर 12:00 बजे से इसी कार्यक्रम के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाईव प्रसारण के माध्यम से सभी को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि इसी कार्यक्रम के दौरान प्लॉग रन का समापन तथा पुरस्कार वितरण भी किये गए।

फोटो : अशोक बर्मन

माता गुज्जर कौर व चार साहिबजादों का शहीदी पर्व कल

जबलपुर। सिक्ख समाज के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंघ जी की माता गुज्जर कौर व चार साहिबजादों का शहीदी पर्व 26 दिसम्बर रविवार को गुरुद्वारा प्रेम नगर में ,जबलपुर की समूह संगत व गुरु रामदास सेवा ,सेवक समिति

अधारताल द्वारा श्रद्धा व प्रेम पूर्वक मनाया जाएगा। जिसमे 3 दिवान होंगे। 25 दिसम्बर शनिवार रात,26 दिसम्बर रविवार दिन व रात का दीवान होगा,इस आयोजन में सिक्ख समाज के प्रसिद्ध कथा वाचक मनिंदर पाल सिंघ च्च वाले व कीर्तनीय जत्थे, प्रसिद्द रागी जत्था हरदीप सिंघ बल्लोवालियाँ पंजाब वाले शामिल होंगे, इस गुरु पर्व में विशेष तौर पर बच्चों के द्वारा भी कविता, कीर्तन व पाठ द्वारा संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा जायेगा । इस दौरानगुरु का अटूट लंगर भी बांटा जाएगा।

उर्जा महिला हैल्प डैस्क को संसाधनों से सशक्त बनाया गया:बहुगुणा

"महिला एवं बच्चों के विरूद्ध घटित अपराधों में अनुसंधान एवं कौशल उन्नयन

जबलपुर। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महिला अपराध, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में उर्जा महिला हैल्प डेस्क एवं थानों में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय '' महिला एवं बच्चों के विरूद्ध घटित अपराधों में अनुसंधान एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण '' कार्यशाला नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दक्षिण/अपराध गोपाल खाण्डेल की उपस्थिति में आयोजित की गयी। कार्यशाला में उपस्थित महिला अधिकारी/कर्मचारियों को आंगनवाड़ी केन्द्र सहायक संचालिका सुश्री शिवानी मौर्य, महिला बाल विकास के संजय अब्राहिम, विधिक सेवा प्राधिकरण के मोह. जिलानी , एफएसएल अधिकारी डॉक्टर सुनीता तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता खातरकर , कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक राकेश तिवारी, जिला अभियोजन शाखा से एडीपीओ अभिषेक दीक्षित, सुश्री मनीषा दुबे, सुश्री शोभना पटेल द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, महिला हैल्प डैस्क के कार्य एवं दायित्व, घटिना स्थल से भौतिक साक्ष्य का संकलन एवं पैकेजिंग, आदि के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) ने कहा कि महिलायें एवं बच्चे विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे दहेज प्रताड़ना, छेडछाड़, घरेलू हिसां, बलात्संग, मानसिक उत्पीड़न आदि की शिकायत लेकर पुलिस थाना पहुंचती है। कई बार अपनी बात थाने में सहज रूप से कहने में संकोच करती हैं, जिसे ध्यान में रखते हुये प्रदेश के समस्त जिलों के 700 थानों में उर्जा महिला हैल्प डैस्क की स्थापना की गयी है जिसमें न्यायपालिका, पुलिस , प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, तथा स्वास्थ विभाग साथ मिलकर काम कर रहे है। उर्जा महिला

पुलिस कन्ट्रोलरूम में कार्यशाला का पुलिस अधीक्षक ने किया समापन

हैल्प डैस्क को संसाधनों से सशक्त बनाया गया है। आपने कहा कि थानों में उर्जा महिला हैल्प डैस्क संचालित करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के हित में कार्य करते हुये पीड़िता को तत्काल सहायता प्रदान करते हुये सही मायनें में महिलाओं को उर्जावान बनाना है, ताकि वे अपनी बात निर्भिक होकर कह सकें।

पीड़ित महिला की फरियाद सुनें

थाने में कोई पीड़ित महिला अपने आपको असहाय समझ कर आती है, उसकी अपेक्षा होती है कि जो भी कानूनी प्रावधानो के तहत कार्यवाही बनती है की जाये, आपका भी दायित्व बनाता है कि उसे सौहाद्रपूर्ण माहौल दे तथा पीड़ित महिला की समस्या को ध्यान से शीलीनता पूर्वक सुनें और तत्काल विधिसम्मत कार्यवाही करते हुये उसे राहत पहुंचायें। पुलिस को समाज में व्यवस्था स्थापित करने के लिये व्यापक अधिकार दिये गये है। समय समय पर जो नये नियम/कानून बनाये गये हैं, उनका अध्ययन अवश्य करें, जब आपको कानून का अच्छा ज्ञान होगा तभी आप निर्भीक होकर कोई भी कार्यवाही कर सकेंगे।

कोविड नियमों की अनदेखी पड़ेगी भारी

जबलपुर में लागू हुई 144 धारा

जबलपुर। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के मद्देनजर राज्य शासन के गृह विभाग के निर्देशानुसार जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है । कोरोना संक्रमण से आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में सम्पूर्ण जिले में रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू लागू कर दिया गया है । इसके साथ ही कोविड उपयुक्त व्यवहार जैसे मास्क के उपयोग, फिजिकल डिस्टेंसिंग आदि के पालन को अनिवार्य कर दिया गया है । आदेश में कहा गया है कि मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार अर्थदंड की कार्यवाही की जायेगी।

प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया कि रात्रि कालीन कर्फ्यू से अत्यावश्यक सेवाओं जैसे चिकित्सा सुविधा, अस्पताल, नर्सिंग होम, एम्बुलेंस, पैथालॉजी लेब, दवा दुकान, फायर सर्विस एवं कोविड-19 व्यवस्था में लगे सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को छूट रहेगी । इसके साथ ही नाइट कर्फ्यू के दौरान अंतरराज्यीय, अंतर जिला एवं जिले के भीतर माल परिवहन और यात्रियों के परिवहन की अनुमति होगी। रात्रि कालीन कर्फ्यू के दौरान उद्योग एवं औद्योगिक कार्य भी जारी रहेंगे ।

प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक जिले के सभी सिनेमाहॉल, मल्टीप्लेक्स, थियेटर, जिम, कोचिंग क्लासेस, स्विमिंग पूल, क्लब एवं स्टेडियम में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को कोविड-19 के दोनों टीके लगवा चुके व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जायेगा । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सबंधित संस्थान के मालिक, प्रबंधक एवं संचालक की होगी । सभी शासकीय सेवकों को कोविड-19 के दोनों टीके लगवाना अनिवार्य होगा । कार्यालय प्रमुख ऐसे शासकीय सेवकों का नाम सूचीबद्ध करेंगे जिन्होंने कोविड-19 के दोनों टीके नहीं लगवायें हैं । कार्यालय प्रमुख इन कर्मचारियों को दोनों टीके लगवाना सुनिश्चित करेंगे ।

आदेश में सभी स्कूल, कॉलेज एवं हॉस्टल में कार्यरत प्राचार्य, शिक्षक, संचालक, स्टॉफ एवं 18 वर्ष से अधिक आयु के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कोविड-19 के दोनों टीके लगवाना अनिवार्य होगा । इसकी जिम्मेदारी सबंधित शैक्षणिक संस्थान के प्राचार्य अथवा संचालक की होगी ।

प्रतिबंधात्मक आदेश में सभी मार्केट प्लेस एवं मॉल के दुकानदारों तथा मेलों में दुकान लगाने वाले सभी दुकानदारों को कोविड-19 टीके की दोनों डोज लगवाना अनिवार्य होगा । जिस दुकानदार द्वारा दोनों टीके नहीं लगाये गये हैं उन्हें दोनों टीके लगवाना सबंधित मार्केट एसोसिएशन, मॉल प्रबन्धन अथवा मेला आयोजक सुनिश्चित करेंगे । सभी सिनेमाहाल, मल्टीप्लेक्स, थियेटर, जिम, कोचिंग क्लासेस, स्वीमिंग पूल आदि के स्टाफ को कोरोना के दोनों टीके लगवाना अनिवार्य होगा । आदेश में कहा गया है कि जिन व्यक्तियों को कोविड-19 के दोनों टीके लग चुके हैं, उन्हें दोनों टीकों के प्रमाण-पत्र की प्रति अथवा सॉफ्ट कॉपी रखना होगी ।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिले में लागू हो गया है । आदेश में कहा गया है कि इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं अन्य सभी कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

होटल, रेस्टोरेंट में परोसे जा रहे जबलपुरी मटर से बने लजीज व्यंजन

5 दिनी फूड महोत्सव



जबलपुर, । वैसे तो जबलपुर में उत्पादित हरे मटर के स्वाद की ख्याति प्रदेश सहित जापान, सिंगापुर तक फैली है। फिर भी पूरी दुनिया में जबलपुरी मटर का नाम हो, इस उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से जबलपुर चेंबर आफ कामर्स और होटल एंड वेलफेयर एसोसिएशन जबलपुरी मटर की ब्रांडिंग के लिए 24 से 28 दिसंबर तक पांच दिवसीय जबलपुर फूड महोत्सव का आयोजन कर रहा है। इस दौरान शहर की करीब 75 से ज्यादा होटल, रेस्टोरेंट यहां तक की सदर व सिविक सेंटर स्थित चौपाटी में खान-पान के शौकीनों को जबलपुरी मटर से बने लजीज व्यंजन परोसे जाएंगे। जिसकी शुरूआत कर दी गई है। शुक्रवार को शहर के प्रमुख होटलों में मटर से संबंधित व्यंजन परोसे गए।जबलपुर चेंबर आफ कामर्स के चेयरमेन कमल ग्रोवर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जबलपुरी मटर को एक जिला एक उत्पाद योजना में चयनित किया गया है। देश-विदेश में जबलपुर की मटर को प्रसिद्ध करने के लिए शासन के साथ मिलकर संयुक्त प्रयास कर रहे हैं। चेंबर के सचिव पंकज माहेश्वरी, अमरप्रीत छाबड़ा, अरुण पवार ने बताया कि कोरोना काल में जबलपुर के होटल एवं टूरिज्म उद्योग को बहुत अधिक आघात लगा है। यात्रियों के न आने से ये उद्योग आर्थिक रूप से टूट गए हैं। अतः इस उद्योग को संबल प्रदान करने के लिए लगभग 75 होटल व चौपाटी व्यावसायी एक साथ मिलकर जबलपुर फूड महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इस महोत्सव में विभिन्न होटलों द्वारा मटर के नए-नए व्यंजन बनाए और परोसे जाएंगे। इसमें मटर बर्फी जैसी मिठाइयां भी शामिल होंगी।

गायब हुआ जिम संचालक सागर में मिला, परिवार से परेशान था

जबलपुर यशभारत। शुक्रवार 10 दिसंबर को जबलपुर से गायब हुआ जिम संचालक युवक को पुलिस ने सागर से दस्तायाब किया है। जिम संचालक ने अपने परिवार को परेशान के लिए गायब होने की पूरी कहानी रची। पुलिस ने युवक को सागर से दस्तायाब कर परिजनों के हवाले कर दिया।

ओमती पुलिस के मुताबिक रीवा के बूढ़ा गांव निवासी राजकुमार मिश्रा (31) पिता रामनरेश मिश्रा जिम संचालक है। वह शेयर मार्केज़्ट में भी काम करता है। शुक्रवार 10 दिसंबर को वह दोस्त विपिन मिश्रा, संजीव मिश्रा व रमेश मिश्रा के साथ रीवा से जबलपुर कार खरीदने आया था। भंवरताल पाकज़ स्थित कार शो-रूम से उसने एक कार खरीदी। दोस्तों संग फोटो खिंचवाई।

दोपहर तीन बजे निकला, फिर नहीं पता चला

दोपहर तीन बजे के लगभग वह शो-रूम से बाहर निकला। एक एटीएम से उसने पैसे निकाले। तभी उसके मोबाइल पर एक कॉल आया। इसके बाद वह पैदल ही ब्लूम चैक की ओर निकल गया। कुछ देर बाद दोस्तों ने कॉल किया तो उसका मोबाइल बंद आया। वह उसे तलाशते हुए रसल चैक तक गए। घंटों वे शहर में और रिश्तेदारों सहित जबलपुर में उसके पहचान के लोगों से जानकारी जुटाने में लगे।

सिहोरा में 11वीं की छात्रा मौत के फंदे में झूली

मानसिक तनाव में उठाया आत्मघाती कदम

जबलपुर यशभारत। सिहोरा के बडखेरा में आज शनिवार को एक 17 वर्षीय छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। नाबलिग कक्षा 11वीं में बरगी स्कूल में अध्ययनरत थी। जिस वक्त यह घटना हुई माता-पिता अलग कमरे में सो रहे थे। जब आवाज देने पर बेटी ने दरबाजा नहीं खोला तो माँ ने झांक कर देखा कि बेटी फंदे पर लटकी हुई है। बताया जाता है कि मृतिका किसी नजदीकी रिश्ते को लेकर मानसिक तनाव में थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रमेश चौधरी 50 वर्ष निवासी बडखेरा ने सूचना दी कि उसकी बेटी उम्र 17 वर्ष कक्षा 11वीं में बरगी स्कूल में पढ़ती थी। रात को 9 बजे खाना खाकर अपने कमरे मे सोने चली गयी थी। वह एवं उसकी पत्नि दूसरे कमरे में सो रहे थे, रात 10-30 बजे उसकी पत्नि उठी और बेटी को आवाज दी जो दरवाजा नहीं खुला, बेटी के कमरे की खिड़की से झांक कर देखा तो वह कमरे में बांस की लकड़ी से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर लटकी थी, फांसी लगा लेने से उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

मदनमहल में बेकाबू कार सवार ने युवती को मारी टक्कर, घायल

जबलपुर, यशभारत। मदनमहल के एमएलबी चौक राइट टाउन में आज शनिवार को एक तेज रफ्तार कार ने युवती को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने युवती को अस्पताल पहुंचाया, गनीमत यह रही कि युवती खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि सृष्ट्री मिश्रा पिता रवेन्द्र मिश्रा 23 साल ने बताया कि वह आदि अपार्टमेंट में रहती हैं। आज सुबह जैसे ही वह घर ने निकली चौक पर कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 2221 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरी। घटना में उसके पैर में चोट में आई है। पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज और कार क्रमांक के आधार पर आरोपी कार सवार को तलाश करने में जुटी है।

हनुमानताल में इनामी आरोपी को दबोचा, 4 माह से था फरार

मारपीट कर युवक को किया था लहूलुहान

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल और अधारताल में मारपीट कर गंभीर रुप से घायल करने वाले 4 माह से फरार पांच हजार का ईनामी आरोपी हीरो को पुलिस ने दबोच लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 27 मई 2021 को मोह. आरिफ 26 वर्ष निवासी ठक्कर ग्राम के साथ मारपीट करते हुये हीरो उर्फ शकील निवासी रजा चौक, पत्तू उर्फ अहमद हुसैन, निवासी रजा चौक तथा तज्जू उर्फताज निवासी सराफा वार्ड गोहलपुर के द्वारा गम्भीर चोट पहुंचाई गयी थी, मोह. आफिर की रिपोर्ट पर थाना हनुमानताल में अपराध एवं थाना आधारताल में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार के नगद पुरूस्कार की घोषणा पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा की गयी थी।

घेराबंदी कर दबोचा

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर फरार ईनामी हीरो उर्फ शकील खान पिता गफ्फार खान 32 वर्ष निवासी हामिद दूधवाले के पीछे हनुमान ताल को घेराबंदी कर दबोचकर गिरफ्तार किया गया है। फरार ईनामी आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी हनुमानताल उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में टीम के प्रधान आरक्षक विजय पाठक, महेन्द्र शुक्ला, आरक्षक रामजी, बृजेश त्रिपाठी, गौरव तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

कार में ढो रहे थे 1 लाख की अंग्रेजी शराब : धूमा से लाकर कर रहे थे अवैध विक्रय, पुलिस ने 1 आरोपी को दबोचा

जबलपुर, यशभारत। गोराबाजार पुलिस ने दरमियानी रात वाहन चैकिंग के दौरान कार में ढो रहे अवैध शराब का जखीरा बरमद किया है। आरोपी धूमा से कार में लोड कर 10 पेटी शराब की शहर में सप्लाई करने की फिराक में था। जिसे पुलिस ने दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कार में धूमा से अवैध शराब लोड कर, शहर लाई जा रही है। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर, रोड पर बैरिकेड्स लगाकर सभी वाहनों की चैकिंग की। आरोपी विवेक कुमार पिता बाल किशन पटैल निवासी अधारताल, अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 6635 से जबलपुर आ ही रहा था। तभी पुलिस ने कार को राजुल टाउन के पास रोक लिया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की फिराक में था। लेकिन घेराबंदी कर आरोपी को दबोचकर जब पुलिस ने कार की चैकिंग ली तो यह देखकर दंग रह गयी कि कार में दस पेटी अंग्रेजी अवैध शराब लोड है। जिसकी कीमत तकरीबन एक लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने कार समेत शराब जब्त कर, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

जबलपुर पुलिस ने लूट के आरोपी को महाराष्ट्र से दबोचा

5 हजार का ईनाम था घोषित, महिनों से था फरार

जबलपुर, यशभारत। ओमती में गार्ड के साथ मारपीट कर हजारों रुपए की सोने की चैन लूटकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र से दबोच लिया है। आरोपी महिनों से पुलिस को चकमा दे रहा था, जिसके चलते एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने बताया कि गोविंद पटेल निवासी कृष्णा हाईट, पटेल मोहल्ला ग्वारीघाट का फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु हर सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गयी, किन्तु गिरफ्तारी नहीं की जा सकी थी। फरार आरोपी गोविंद पटेल पिता लोकमन पटेल 40 वर्ष ग्वारीघाट को गिरफ्तार करने वाले या गिरफ्तारी हेतु सूचना देने वाले या गिरफ्तारी मे सहयोग प्रदान करने वाले को 5000 के नगद पुरूस्कार की घोषण पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा की गयी थी। पतासाजी पर गोविद पटेल के पुणे महाराष्ट्र में होने जानकारी मिलने पर दबिश देते हुये गोविद पटेल को अभिरक्षा में लेते हुये थाना ओमती लाया गया एवं प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया गया।

कटंगी में ईंटों से भरे वाहन से टकराई बस : रोड के किनारे बनीं टपरियों में घुसी, 3 घायल

जबलपुर, यशभारत। कटंगी के पोला तिराहा में आज शनिवार को दमोह से जबलपुर आ रही यात्रियों से भरी बेकाबू बस ईंटों से भरे वाहन से टकरा गई। हादसे में ईंटो से भरा वाहन पटल गया, इस दौरान बस भी अनियंत्रित होकर रोड के किनारे बनी टपरियों में जा घुसी। घटना के दौरान बस में सवार यात्रियों में भगदड़ मच गयी। जिसमें तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज हेतु ले जा गया है। हादसे के दौरान बस का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दमोह से जबलपुर आ रही बस क्रमांक एमपी 24 पी 4025 कटंगी के पोला तिराहा में ईंटो से भरी 407 से टकरा गई। बस में करीब दो दर्जन यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि बस की रफ्तार तेज थी, जिसके चलते बस 407 से जा टकराई।

विजय नगर में 9 वीं की छात्रा से 12 के छात्र ने किया बलात्कार

फेसबुक से हुई थी दोस्ती, आरोपी हिरासत में

जबलपुर, यशभारत। विजय नगर में नाबालिग से बलात्कार का मामला सामने आया है। कक्षा 9वीं की छात्रा को बहला-फुसलाकर कक्षा 12वीं के युवक ने प्रेम जाल में फांसकर दुराचार किया। पीड़िता ने बताया कि फेसबुक के जरिए दोस्ती की थी। आरोपी ने दो बार यू टर्न कैफे ले जाकर छात्रा से रेप किया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने एफ आईआर दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। विजयनगर पुलिस ने बताया कि नाबालिग छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह कक्षा नवमीं में पढ़ती है। वर्ष 2020 जनवरी में फेसबुक के जरिए उसकी दोस्ती कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले समीर बाटे से हुई थी। कुछ दिन बातचीत करने के बाद दोनों में अच्छी दोस्ती हो गई थी। इसके बाद समीर अक्सर से विजय नगर में जीरो डिग्री रोड पर मिलने के लिए बुलाने लगा था। विगत 6 नवंबर को वह कोचिंग गई थी।जानकारी अनुसार समीर ने फोन किया और कोचिंग के बाद शाम को उसे मिलने के लिए जीरो डिग्री बुलाया। शाम को करीब 5:00 बजे छात्रा कोचिंग से फ्री हुई जिसके बाद समीर उसे अपने साथ एकता चौक से आगे जीरो डिग्री ले गया। कुछ देर बातचीत करने के बाद समीर ने कहा कि चलो मंचूरियन खाते हैं। मंचूरियन खिलाने के बहाने समीर उसे विजय नगर में यू टर्न कैफे लेकर पहुंचा। वहां शाम करीब 6 बजे समीर ने जबरदस्ती छात्रा के साथ रेप किया। इसके कुछ समय बाद फिर से बहला-फुसलाकर छात्रा को वही यू-टर्न कैफे ले गया और दोबारा उसके साथ रेप किया। जिसके बाद छात्रा ने हिम्मत करके समीर के खिलाफविजय नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई ह। सीएसपी तुषार सिंह ने बताया कि छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी समीर के खिलाफरेप एवं पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

साइकिल से नर्मदा परिक्रमा

मुस्कान का स्वागत

जबलपुर। 20 वर्षीय बेटी मुस्कान रघुवंशी ने महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण के बचाव के उद्देश्य से साइकिल से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ कर महाराष्ट्र, गुजरात से होकर आज जबलपुर पहुंची। बिटिया का भव्य स्वागत मेरे साथ माउंटेन मैन अंकित सेन टीम एवं कांग्रेस इंटक टीम ने किया। बिटिया के हौसले और संस्कार को प्रणाम ।

नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान

जबलपुर। पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस पर युवामोर्चा मप्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अभिलाष पांडेय ने स्वामी गिरीशानन्द एवं साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी जी के सानिध्य में ग्वारीघाट नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया , इस कार्यक्रम में हरीश ठाकुर , नीरज पाराशर , यश दत्त , राहुल नाईडू, प्रशांत अग्रवाल , दिनेश उपाध्याय , महेंद्र विश्वकर्मा , आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में नौजवान शामिल हुए । जिसमें स्वच्छ नर्मदा और स्वस्थ जबलपुर का संकल्प लिया साथ ही अटल जी के दिखाए मार्ग में चलने का संकल्प लिया ।

डबल ट्रैक पर 120 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ा इंजन

एनकेजे से कटंगीखुर्द तक 8 किमी एवं हरदुआ से रीठी तक 15 किमी दोहरीकरण का काम पूरा, रेल संरक्षा आयुक्त मध्य वृत ने किया निरीक्षण

जबलपुर। मध्यप्रदेश के उद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े रेल लाइन परियोजनाओं को पश्चिम मध्य रेल अधोसरंचना निर्माण कार्य को गति प्रदान कर रहा है। पश्चिम मध्य रेल में चल रहे दोहरीकरण कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त मध्य वृत द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय से प्रमुख विभागाध्यक्ष, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एवं भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और इंजीनियरिंग, परिचालन, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने इस रेलखंड पर संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े ट्रैक, ब्रिजों, स्टेशन, संसाधनों, ओएचई लाइन, सम्बद्ध उपकरण तथा सिगनलिंग आदि का निरीक्षण किया और उनके कार्य क्षमता को परखा। मध्य रेलखण्ड पर 13 घुमावदार कर्व, 1 मेजर ब्रिज एवं 12 छोटे ब्रिज और 3 सीमित ऊंचाई सबवे आरयूबी का निर्माण कार्य किया गया है। इस रेलखण्ड पर सभी प्रकार के रेलवे मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य किया गया है। इस दौरान दोहरीकरण लाइन पर इलेक्ट्रिक इंजन से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल भी किया गया। पमरे ने इस वर्ष 2021-22 में दोहरीकरण एवं तिहरीकरण का कुल 114 किमी का कार्य पूर्ण किया है। जिसमे कटनी-सतना-रीवा दोहरीकरण का कार्य में सकरिया-कैमा तक 6 किमी का कार्य पूर्ण किया गया है। कटनी से सिंगरौली दोहरीकरण का कार्य में न्यू कटनी जंक्शन से कटंगीखुर्द तक 8 किमी एवं देवराग्राम से मझौली तक 8 किमी कुल 16 किमी का कार्य पूर्ण किया गया है। कटनी से बीना तिहरीकरण का कार्य में हरदुआ से रीठी 15 किमी एवं मालखेड़ी से खुरई 18 किमी तक कुल 33 किमी का कार्य पूर्ण किया गया। कार्य की गुणवत्ता एवं स्पीड ट्रायल पर रेल संरक्षा आयुक्त ने संतुष्टि व्यक्त की। इस रेलखण्ड के कमीशन होते ही गाड़ियों का परिचालन शुरू हो जाएगा। दोहरीकरण होने से गाड़ियों की रफ्तार बढ़ेगी और इस क्षेत्र का आर्थिक विकास भी होगा।

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला जलाया

जबलपुर। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग द्वारा बल्देवबाग चौक पर ओबीसी आरक्षण को लेकर झूठे आरोप भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ग्रह मंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा ओबीसी आरक्षण को समाप्त करने तथा भाजपा की जान विरोधी नीतियां एवं सरकार की तानाशाही के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया। वही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भाजपा के खिलाफ आक्रोश देखा गया। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव, पार्षद अभिषेक यादव मुन्ना सोनी,हरि चौबे,विजय रैकवार,राजा चौरसिया, राजेश पटेल,अनिकेत तिवारी,श्यामसुंदर सोनी,मोंटी अग्रवाल,प्रशांत चौरसिया,संतराम सोनी,जगदेव मिश्र,आर्यन सोनी,मुकेश चौरसिया, वीरू यादव,शिवम यादव,सत्यम पाण्डेय, नीरज सोनी एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

आयुर्वेदिक कॉलेज में नई ओपीडी भवन का शुभारंभ

आयुष मंत्री ने किया निरीक्षण कर्मचारी की बनावाई पर्ची

जबलपुर, यशभारत। प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री रामकिशोर कावरे ने आज शनिवार को ग्वारीघाट स्थित शासकीय स्वशासी आयुर्वेदिक कॉलेज में नई ओपीडी भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने नई ओपीडी भवन के निरीक्षण के दौरान सबसे पहले ओपीडी में कंप्यूटराइज्ड पर्ची सिस्टम को देखा और कर्मचारी से स्वयं की पर्ची बनवाई। उन्होंने अन्य विभागों का जायजा लिया । इस दौरान आर्थराइटिस ओपीडी में आर्थराइटिस से संबंधित रोगों और उससे निदान के बारे में लंबी चर्चा की। पंचकर्म ओपीडी में प्राचार्य डॉ. एलएल अहिरवार से यहां पर चिकित्सक के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि फि लहाल उक्त चिकित्सक अवकाश पर है यहां पर निरंतर सेवाएं दूसरे चिकित्सकों द्वारा दी जा रही हैं। आयुष मंत्री ने अस्पताल की नई ओपीडी भवन में कायास्थ चिकित्सा, पंचकर्म, शालान्यक चिकित्सा, आर्थराइटिस, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, बाल रोग, त्वचा रोग, योग सहित अन्य विभागों के प्रभारी चिकित्सकों से उनके विभाग के संबंध में सवाल किए। जहां पर सभी चिकित्सकों ने उनके सवालों के संतोषजनक जवाब दिए । निरीक्षण के बाद राज्यमंत्री कावरे ने परिसर में स्थापित नवनिर्मित कैंटीन का भी शुभारंभ किया। निरीक्षण और कार्यक्रम के दौरान उनके साथ कालेज के प्राचार्य डॉ. एलएल अहिरवाल, अस्पताल अधीक्षका डॉ. ज्योति ठाकुर डॉ. रविकांत श्रीवास्तव, जबलपुर जिले की आयुष अधिकारी डॉ. अर्चना मरावी नरसिंहपुर जिले की आयुष अधिकारी, डॉ. सुरत्ना सिंह, डॉ पंकज मिश्रा सहित कॉलेज फैकल्टी एवं स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं संभागभर के आयुष अधिकारी उपस्थित रहे।

युवक पर भाला से प्राण घातक हमला : पीठ में घंसा, ऑपरेशन कर निकाला, आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर, यशभारत। बरगी के बसंत नगर में रंजिशन युवक को पीठ में भाला मारकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने 8 महिने बाद दबोच लिया। आरोपी ने पीड़ित युवक को फेंक कर भाला मारा था, जो उसकी पीठ में धंस गया था। जिसे डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन कर निकाला। फिलहाल पीड़ित की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मारपीट में घायल को शासकीय अस्पताल बरगी में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर मेडिकल रिफर किए जाने के बाद परिजनों द्वारा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां दीपक चडार 30 वर्ष नवासी बसंत नगर बरगी ने बताया कि वह गंगा लाईट के नाम से बरगी बाजार में दुकान चलाता है। 24 अप्रैल 2021 को जब वह अपने दुकान बंद कर बाइक से जा रहा था।

प्राध्यापक संघ ने दिया उत्कृष्ट कार्यों को सम्मान

जबलपुर, । प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर संभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संघ ने डा. अखिलेश आयाची और डा. अनिल दलेला के 40 वर्ष से अधिक समय तक प्राध्यापकीय कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दोनों को पुष्प गुच्छ एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में डा. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग से लेकर डा. प्रभादेवी पुरवार प्राचार्य शासकीय महाकोशल कालेज, प्रो. अरुण शुक्ल संभागीय अध्यक्ष प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर, डा. टीआर नायडू जिलाध्यक्ष ने डा. आयाची और डा. दलेला से जुड़े अनुभवों को सभी के सामने रखा। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि विद्यार्थियों को उन्होंने अपने ज्ञान से हमेशा दिशा-दर्शन दिया है। इस अवसर पर डा. पवन तिवारी, डा. आरके श्रीवास्तव, डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डा. जेके गुजराल, डा. राजीव मिश्रा, डा. नरेन्द्र कोष्टी, डा. राजेश शामकुंवर आदि मौजूद रहे।

लिपिकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग

जबलपुर, । मध्यप्रदेश के लिपिक संवर्ग कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां अब तक दूर नहीं की गई है। अविभाजित मध्यप्रदेश जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य भी आता था, तब से लिपिक संवर्ग वेतन विसंगति की लड़ाई लड़ रहा है। लेकिन मांगें तक तक पूरी नहीं की गई है। उक्त आरोप मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने लगाए हैं। संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेंद्र दुबे ने जारी बयान में बताया कि लिपिकों के संघर्ष पर छत्तीसगढ़ राज्य ने तो लिपिकों की वेतन विसंगति दूर कर दी लेकिन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारी कल्याण समिति का गठन कर वेतन विसंगति के मामले को लटका रही है। संघ के मिर्जा मंसूर बेग, यू एएस करौसिया, मनोज राय, विनोद पोद्दार, सुनील सेठी, सुनील कोरी, नरेंद्र शुक्ला, रूद्र परिहार, अमित नामदेव, सुधीर खरे, ब्रजेश ठाकुर, नितिन श्रृंगी, राकेश सुनमोरिया, सुरेंद्र श्रीवास्तव, राजेश गुर्जर, आशीष सक्सेना, तपन मोदी, राजेन्द्र श्रीवास्तव आदि ने मुख्यमंत्री को ई- मेल के माध्यम से पत्र भेजकर मांग की है कि रमेशचंद्र शर्मा कमेटी की अनुशंसाएं शीघ्र लागू कर वेतन विसंगती दूर करने की मांग की है।

संपादकीय

जिम्मेदार व्यवहार करें जनप्रतिनिधि

यह विडंबना ही है कि संसद के मानसून सत्र के बाद शीतकालीन सत्र भी समय से पहले खत्म हो गया। सत्र शुरू होते ही मानसून सत्र में हंगामे के लिये राज्यसभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के बारह सदस्यों को पूरे सत्र के लिए निलंबित करने के बाद जो टकराव उत्पन्न हुआ, वह आखिर तक चलता रहा। सत्र के आखिरी दिनों में तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन के निलंबन के बाद विवाद ज्यादा ही तूल पकड़ गया। लखीमपुर खीरीकांड में गृह राज्यमंत्री को हटाये जाने के मुद्दे पर विपक्ष खासा आक्रामक रहा। अंततः इस विवाद के बीच सत्र समय से पहले ही समाप्त करने की घोषणा कर दी गई। इस हंगामेदार सत्र में लोकसभा के लिये निर्धारित समय में से 24 दिनों में 18 बैठकों के माध्यम से 83 घंटे और 12 मिनट का काम हुआ, जबकि 18 घंटे व 48 मिनट का नुकसान हुआ। वहीं राज्यसभा के लिये निर्धारित 95 घंटे और छह मिनट की निर्धारित बैठक के समय में सदन में केवल 45 घंटे और 34 मिनट में कार्य निर्वहन किया गया। जहां यह सत्र तूफानी और असामान्य रूप से टकराव वाला था, वहीं सरकार ने इसे अपनी सफलता के रूप में प्रस्तुत किया। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने व्यवधान डालकर बिना बहस के कृषि कानूनों को निरस्त तथा विधेयकों को पारित करने का अलोकतांत्रिक काम किया। पहले ही दिन बारह सांसदों के निलंबन को वे सरकार की रणनीति का हिस्सा बताते रहे। यह विडंबना ही है कि विश्वास बहाली व टकराव टालने की गंभीर कोशिश होती नजर नहीं आई। वहीं विपक्ष को सदन के बहिष्कार के बजाय तीखे प्रश्नों व आपत्तियों के जरिये गंभीर विमर्श में भाग लेना चाहिए। देश के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विपक्षी नेताओं को भी गंभीर तैयारी करके सदन में आना चाहिए ताकि विधेयकों के गुण-दोषों पर गहन मंथन हो सके। वहीं संसद में सांसदों की उपस्थिति को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। बहरहाल, चुनाव सुधार विधेयक के जल्दबाजी में पारित होने से इस महत्वपूर्ण विधेयक से जुड़े कई सवाल अभी बरकरार हैं। नागरिकों की निजता व डेटा सुरक्षा से जुड़े कई सवालों पर विमर्श की मांग विपक्ष लगातार करता रहा। वहीं युवतियों की शादी की उम्र बढ़ाने के विधेयक पर कई सवाल विभिन्न राजनीतिक दलों व वर्गों द्वारा उठाये जा रहे थे। संसद की स्थायी समिति को सौंपने के चलते अभी इस विधेयक पर विमर्श की गुंजाइश बची है। वहीं लखीमपुर खीरीकांड में गिरफ्तार आशीष मिश्रा के खिलाफ लगी धाराओं को एसआईटी की रिपोर्ट के बाद गंभीर धाराओं में बदलने के बाद विपक्ष लगातार गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा को हटाये जाने की मांग करता रहा। लेकिन सत्तापक्ष ने मुद्दे को अनसुना कर दिया। बहरहाल, संसद के विभिन्न सत्रों में हंगामे, निलंबन, सत्र बहिष्कार के चलते कामकाज ठप्प होने को भारतीय लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कतई नहीं कहा जा सकता। देश के करदाताओं की मेहनत के पैसे का सत्र के विधिवत न चलने से व्यर्थ जाना निस्संदेह चिंता का विषय है। यह भी विडंबना है कि शीतकालीन व मानसून सत्र के दौरान उठे विवाद को खत्म करने की गंभीर पहल होती नजर नहीं आई। पीठासीन अधिकारियों की व्यवस्था बनाये रखने की अपील को विपक्षी नेताओं ने अनसुना किया। बार-बार के हंगामे व व्यवधान के चलते राज्यसभा में सिर्फ 48 फीसदी काम होना हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। बेहतर होता कि इस सत्र के दौरान पारित 11 विधेयकों पर गंभीर विमर्श होता ताकि वे देशहित के व्यापक लक्ष्यों को पूरा कर पाते। लेकिन विडंबना है कि धीर-गंभीर पहल के बिना शीतकालीन सत्र समय से पहले समाप्त हो गया। बहरहाल, विपक्ष को आत्ममंथन करना चाहिए कि रूलबुक फेंकना, मेजों पर चढ़ना, कागज फाड़कर फेंकना व सुरक्षाकर्मियों से धक्का-मुक्की क्या संसदीय परंपरा का हिस्सा है? देश की युवा पीढ़ी अपने माननीयों के इस व्यवहार से क्या सीख लेगी? लोकतंत्र में विरोध जरूरी है लेकिन यह मर्यादित हो।

जन्मदिन पर विशेष

सुशासन के प्रबल पैरोकार अटलबिहारी वाजपेयी

आधुनिक वैश्विक संदर्भ में सुशासन का अर्थ मात्र अच्छे शासन से ही नहीं वरन् अविलंब निर्णय लेने, लिये गये निर्णयों को सार्थक ढंग से लागू करने और उन्हें कार्य रूपमें परिणित करने की प्रक्रिया तथा उससे संबध्द समग्र तंत्र के कार्य निष्पादन से है। निःसंदेह सुशासन का विकास से अभिन्न संबंध है। सुशासन के बिना विकास की अवधारणा को साकार करना संभव नहीं है। इसलिये भारतीय राजनीति के अजातशत्रु भारतरत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी ने 2014 में सुशासन की महत्ता को रेखांकित करते हुए सुशासन दिवसके रूप में मनाये जाने की घोषणा करतेहुए कहा कि सुशासन किसी भी राष्ट्र की प्रगति की कुंजी है।

भारत की सांस्कृतिक चेतना का मूल स्वरूप प्रारंभ से ही परोपकार और लोककल्याण की निर्मल भावनाओं से ओत-प्रोत रहा है। आचार्य कौटिल्य ने अपनी प्रख्यात पुस्तक अर्थशास्त्र में सुशासन के उदत्त स्वरूप को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रजा का हित ही राजा का चरम लक्ष्य है। प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में उसका हित है। महात्मा गांधी ने मेरे सपनों का भारत में जिस रामराज्य की परिकल्पना की थी उसमें सुशासन ही सुराज के रूप में अवतरित हुआ है। वहीं लोकमान्य तिलक के शब्दों में देश में स्वराज्य ही नहीं सुराज भी आना चाहिये। सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत डॉ. अम्बेडकर की सामाजिक, आर्थिक न्याय की अवधारणा मानवाधिकारों की सुरक्षा की गांरटी के बिना कैसे सुशासन की परिकल्पना को साकार कर सकती है? एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के मंगल का सपना भी सुशासन की अवधारणा में ही निहित है। इन सब पर यदि कोई पूरी तरह से खरा उतरा तो वह थे सुशासन के पुजारी अटल जी। आप सुशासन की एक ऐसी विकासोन्नमुख व्यवस्था के पक्षधर थे जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उन्नयन के प्रति प्रतिबध्द, समर्पित होकर राष्ट्र की उन्नति में आम आदमी भी अपनी भागीदारी की अनुभूति का सुखद अहसास कर सके।

भारतीय संस्कृति के मूल्यों के उन्नायक, उर्जावान समझ एवं सकारात्मक चिन्तन के धनी, महान राजनीतिज्ञ, प्रखर प्रेरक, ओजस्वी वक्ता, कुशल पत्रकार, दक्ष सम्पादक, साहित्यकार, संवेदनशील कवि, विपक्षियों एवं आलोचकों के मध्य प्रशंसित, भारतीय संसद के नौ बार सदस्य, दो बारराज्य सभा सदस्य एवं तीन बार भारत के प्रधानमंत्री के पद को गौरवान्ति करने वाले अद्भुत व्यक्ति थे जिन्होनें अपनी आभा से न केवल भारत की प्रतिष्ठा एवं गौरव में श्रीवृध्दि की वरन् राष्ट्र को सुशासन का अनूठा सम्बल प्रदत्त कर राष्ट्र के विकास को एक नई गति, नई दिशा, नई उर्जा और लय प्रदान की।

अटलजी का समग्र जीवन राष्ट्र की सेवा के लिये समर्पित रहा। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही भारतीय जनसंघ से जुडकर भारत की राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हुए। पहली बार 1996 में केवल 13 दिनों, दूसरी बार 1998-99 में 13, तीसरी बार 1999 से 2004 तक के कार्यकाल में देश के प्रधानमंत्री के रूप में अपनी सेवा का संकल्प पूर्ण किया। अटल जी लीक से हटकर एक ऐसा व्यक्तित्व थे जो अद्भुत राजनितिज्ञ के साथ, वैयक्तिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति का साधक न होकर राष्ट्र आराधन और राष्ट्र निर्माण में जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित करने का साध्य थे।



अटलजी ने राजनीति में नैतिक मूल्यों, आदर्शो की पवित्रता को अक्षुण्ण रखते हुए सुशासन की बुनियाद रखी ताकि जवाबदेह, उत्तरदायी, पारदर्शी, प्रभावशाली, न्याय संगत, कुशल एवं समावेशी शासन व्यवस्था को साकार किया जा सके। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जिन गणतांत्रिक मूल्यों आदर्शो, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता,सामजिक, आर्थिक न्याय और व्यक्ति की गरिमा के सम्मान का जो उच्च आदर्श अवसर की समानताके साथ संयोजित कर प्रतिपादित किया है, वह सुशासन के स्पर्श से यथार्थ के धरातल पर साकार हो सकता है।

प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी का सम्पूर्ण कार्यकाल आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से लोकतंत्र को सार्थक और जीवंत बनाये रखने के लिये प्रतिबध्द था। 07 सितम्बर 2000 को न्यूयार्क में 'एशिया सोसाईटी' में दिये अपने प्रेरक भाषण में सुशासन के बुनियादी विचार को इस प्रकार रखा कि ''व्यक्ति के सशक्तिकरण का अर्थ राष्ट्र का सशक्तिकरण और इस तीव्र सामाजिक बदलाव के साथ तेज आर्थिक विकास किया जा सकता है। निःसंदेह वे समाज के अंतिम छोर पर खड़े हुए सर्वाधिक उपेक्षित के सशक्तिकरण को सुशासन की आवश्यक शर्त मानते थे। अपने प्रधानमंत्रीत्व कार्यकाल का कार्य निष्पादन अंततः एक मजबूत विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने, अधिकतम सामाजिक अवसरों को सृजित करने, लोकतंत्र की परम्पराओं को संरक्षित, सुरक्षित करने, जनता की सक्रियता और भागीदारी बढ़ाने के साथ 'नागरिक प्रथम' के महती सिध्दांत पर चलकर आम नागरिकों के कल्याण तथा आम नागरिक के शासन से जुड़ाव पर केन्द्रित रखा। जहां आम और खास के अंतर को समाप्त करते हुए अच्छी और प्रभावी नीतियों और कार्यक्रमों के साथ जनता को भृष्टाचार मुक्त, पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी गई।

अटलजी का यह विश्वास था कि सत्ताधारी दल को सदैव जवाबदेह, उत्तरदायी, निष्पक्ष और विकासोन्मुख होना चाहिये तथा विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक सहजता, सरलता के साथ पहुंचने चाहिये। उन्होंने सदैव सामाजिक विषमताओं, विसंगतियो, विद्रुपताओं, अन्याय अत्याचार और शोषण का प्रबलता से प्रतिकार करते हुए सुशासन को महत्ता प्रदान की। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी अपने विश्वास पर अपनी मान्यताओं पर अटल जी अटल रहे। यह दृढ़ निश्चय उनकी इस भावपूर्ण कविता से इंगित होता है- ''सत्य का संघर्ष सत्ता से, न्याय लड़ता निरंकुशता से, अंधेरे ने दी चुनौती है, किरण अंतिम अस्त होती है, दीप निष्ठा का लिए निष्कंप, वज्र टूटे या उठे भूकम्प, किन्तु फिर भी जूझने का प्रण, अंगद ने बढ़ाया चरण, प्राण-प्रण से करेंगे प्रतिकार, दांव पर सब कुछ लगा है, रूक नहीं सकते, टूट सकते हैं मगर झुक नहीं सकते''। वो महान आर्थिक सुधारक थे, उनके नेतृत्व में भारत में आर्थिक सुधारों के एक नये युग का सूत्रपात हुआ। वर्ष 1998 से 2004 तक आर्थिक वृध्दि के मोर्चे पर आर्थिक मंदी के बावजूद हमारी सकल घरेलू उत्पाद दर में आठ प्रतिशत की वृध्दि दर्ज हुई। विदेशी मुद्रा भंडार में भी अभूतपूर्व वृध्दि हुई जो 1998 में मात्र 12 अरब डालर से बढ़कर 102 अरब डालर तक पहुंचा और हमारी मजबूत अर्थव्यवस्था का द्योतक बना। वित्तीय घाटे को कम करने के लिए राजकोषीय उत्तरदायित्व अधिनियम लागू किया। वहीं दूसरी ओर व्यवसायों और उद्योगों के संचालन में सरकारी भूमिका सीमित करने, उनकी प्रतिबध्दता देश में एक पृथक विनिवेश मंत्रालय गठित किये जाने से परिलक्षित होती है। यह भी उल्लेखनीय है कि उनके कार्यकाल में महंगाई दर चार प्रतिशत तक ही सीमित रही। अटलजी भारत में आधुनिक दूरसंचारप्रणाली के जनक भी हैं, उन्होंने विश्वस्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की साख को मजबूतकरने के लिए 1999 में नई दूरसंचार क्रांति का शुभारंभ किया। उन्होंने राजस्व हिस्सेदारी व्यवस्था के साथ दूरसंचार कंपनियों के लिए नियत लायसेंस फीस परिवर्तित कर दूरसंचार के क्षेत्र में नीतिगत पहल भी की। फलस्वरूप उद्योगों को शुरूआती दौर की चुनौतियों का सामना करने की ताकत मिली। अटलजी के प्रगतिशील दूरदर्शी नेतृत्व में आम आदमी के कल्याण के लिए 'अन्त्योदय अन्न योजना' प्रारंभ हुई ताकि गरीबों को सस्ता खाद्यान्न उपलब्ध हो सके । किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा योजना लागू कर भारत की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था को नये क्रांतिकारी आयाम दिये। ज्ञान की रोशनी का लोकव्यापीकरण करने के लिए सर्वशिक्षा अभियान का शुभारंभ देश को सूखे और बाढ़ से मुक्ति दिलाने के लिये प्रमुख नदियों को जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना, वरिष्ठजनों के लिये दादा-दादी बांड योजना, छात्रों को अध्ययन हेतु सस्ती दरों पर कर्ज का प्रावधान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और दुर्घटना एवं स्वास्थ्य बीमा योजना इत्यादि उनके सुशासन माडल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां है।प्रत्येक पंचायत को प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के माध्यम से जोड़ने की सडक क्रांति भारतीय अर्थव्यवस्था की अधोसंरचना के निर्माण में मील का पत्थर सिध्द हुई है। स्वर्णिम चतुर्भुज राज मार्गों का विराट नेटवर्क चौन्नई, कोलकाता, दिल्ली और मुम्बई जैसे महानगरों को आपस में जोडता है जो आर्थिक विकास की संभावनाओं को साकार रूप प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना भारत की आत्मा को स्पर्श करती हुई उन दूरस्थ ग्रामीण अंचलों को जोडती है जो संपर्क सडकें न होने से विकास की मुख्य धारा से कटे हुए थे। इसका सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण जनजीवन का सशक्तिकरण हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई उंचाईयां मिली, उपज समय पर कृषि उपज मंडियों तक पहुंचने से किसानों का सशक्तिकरण हुआ।कारगिल युध्द के दौरान आपरेशन विजय के माध्यम से पाकिस्तानी सेना को धूल चटाने वाले पुरोधा के राष्ट्र केन्द्रित नेतृत्व में तमाम विरोधों के बावजूद विपरीत परिणामों की चिंता किये बगैर परमाणु परीक्षण कराया जो उनकी दृढता की अद्भुत मिसाल है। विकसित राष्ट्रों के आर्थिक बहिष्कार की धमकी के सामने झुकने से इंकार करते हुए, बाधाओं से कभी भी विचलित न होने वाला अपने विरोधियों को भी साथ लेकर चलने वाला उनका कवि हृदय कह उठता है- बाधाएं आती हैं आयें, घिरे प्रलय की घोर घटायें, पांव के नीचे अंगारे, सिर पर बरसे यदि ज्वालायें, निज हाथों में हंसते-हंसते आग लगाकर जलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा।ज्ज एक मजबूत, विकसित और स्वाभिमानी राष्ट्र के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखने में अटलजी के सुशासन मॉडल के महत्वपूर्ण योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। किसी ने सच ही लिखा है- 'यों तो हजारों वर्षो से है जमीं पर आदमी का वजूद, मगर आंख आज भी तरसती है आदमी के लिये।

डॉ. अशोक कुमार भार्गव, आईएएस
(लेखक से.नि.सचिव, मप्र शासन हैं।)

आपका राशिफल 26 दिसंबर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

फिल्म वर्ग पहेली - 5689



बायें से दायें:-

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कैंवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं आँचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 5688

अ	मृ	त		गु	स		दी		घा
क्स		ह	म	ला		अ	दा	ल	त
	खे	ल		म	न		र		क
सं		का	का		गी	ता		जू	
घ	र		ज	मा	ना		ष	ही	द
र्ष		मि	ल	न			मिं		ट्रे
	ज्वा	ला		अ	ल	बे	ला		न
डु		प		भि		टा		औ	
म	र्द			मा	ला			जा	न
रू		अ	र्जु	न		पु	का	र	

Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रेरक प्रसंग

इस तरह महर्षि भृगु ने ली थी तीनों देवों की परीक्षा, विष्णु ने सहलाया था मुनि का पैर

महर्षि भृगु ब्रह्माजी के मानस पुत्र थे। वे सप्तर्षि मंडल के एक ऋषि हैं। सावन और भाद्रपद में वे भगवान सूर्य के रथ पर सवार रहते हैं। एक बार की बात है, सरस्वती नदी के तट पर ऋषि - मुनि एकत्रित होकर इस विषय पर विवाद हो गया कि ब्रह्माजी, शिवजी और श्रीहरि में सबसे बडे और श्रेष्ठ कौन है? इसका कोई निष्कर्ष न निकलता देख उन्होंने त्रिदेवों की परीक्षा लेने का निश्चय किया और ब्रह्माजी के मानस पुत्र महर्षि भृगु को इस कार्य के लिए नियुक्त किया।

भृगु सर्वप्रथम ब्रह्माजी के पास गए। उन्होंने न तो प्रणाम किया और न ही उनकी स्तुति की। यह देख ब्रह्माजी क्रोधित हो गए। क्रोध की अधिकता से उनका मुख लाल हो गया। आंखों में अंगारे दहकने लगे, लेकिन फिर यह सोचकर कि ये उनके पुत्र हैं, उन्होंने हृदय में उठे क्रोध के आवेग को विवेक-बुद्धि से शांत कर लिया।

वहां से महर्षि भृगु कैलाश गए। देवाधिदेव भगवान महादेव ने देखा कि भृगु आ रहे हैं तो वे प्रसन्न होकर अपने आसन से उठे और उनका आलिंगन करने के लिए भुजाएं फैला दीं। किंतु उनकी परीक्षा लेने के लिए भृगु मुनि उनका आलिंगन अस्वीकार करते हुए बोले - महादेव ! आप सदा वेदों और धर्म की मर्यादा का उल्लंघन करते हैं। दुष्टों और पापियों को आप जो वरदान देते हैं, उनसे सृष्टि पर भयंकर संकट आ जाता है। इसलिए मैं आपका आलिंगन कदापि स्वीकार नहीं करूंगा। उनकी बात सुनकर भगवान शिव क्रोध से तिलमिला उठे। उन्होंने जैसे ही त्रिशूल उठा कर उन्हें मारना चाहा, वैसे ही भगवती ने बहुत अनुनय - विनय कर किसी प्रकार से उनका क्रोध शांत किया। इसके बाद भृगु मुनि वैकुण्ठ

लोक गए। उस समय भगवान श्रीहरि देवी लक्ष्मी के साथ क्षीरसागर में विश्राम कर रहे थे।

भृगु ने जाते ही उनके वक्ष पर एक तेज लात मारी। भक्त - वत्सल भगवान विष्णु शीघ्र ही अपने आसन से उठ खडे हुए और उन्हें प्रणाम करके उनके चरण सहलाते हुए बोले - भगवन्! आपके पांव में चोट तो नहीं लगी? कृपया इस आसन पर विश्राम कीजिए। भगवन! मुझे आपके शुभ आगमन का ज्ञान न था। इसलिए मैं आपका स्वागत नहीं कर सका। आपके चरणों का स्पर्श तीर्थों को पवित्र करने वाला है।

आपके चरणों के स्पर्श से आज मैं धन्य हो गया।÷ भगवान विष्णु का यह प्रेम-व्यवहार देखकर महर्षि भृगु की आंखों से अश्रु बहने लगे। उसके बाद वे ऋषि-मुनियों के पास लौट आए और ब्रह्माजी, शिवजी और श्रीहरि के यहां के सभी अनुभव विस्तार से कह बताए।

उनके अनुभव सुनकर सभी ऋषि- मुनि बडे हैरान हुए और उनके सभी संदेह दूर हो गए। तभी से वे भगवान विष्णु को सर्वश्रेष्ठ मानकर उनकी पूजा-अर्चना करने लगे। वास्तव में उन ऋषि-मुनियों ने अपने लिए नहीं, बल्कि मनुष्यों के संदेहों को मिटाने के लिए ही ऐसी लीला रची थी।

सूडोकु नवताल- 6193

★★★★☆ मध्यम

	9				4			
8	4			6		9		5
5		6	8	2		3		
	1	5	6	3			9	7
3	6			9	7	1	4	
		1		4	8	7		6
9		4		7			2	1
			2				8	

Jagruti

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6192 का हल

8	5	4	7	3	2	6	1	9
6	7	1	9	5	4	3	2	8
2	9	3	8	6	1	7	5	4
4	3	9	2	1	7	8	6	5
5	6	2	3	8	9	4	7	1
7	1	8	6	4	5	9	3	2
3	2	6	5	9	8	1	4	7
9	4	7	1	2	6	5	8	3
1	8	5	4	7	3	2	9	6

विचार प्रवाह

मां बड़ी है या बेटा? यह प्रश्न पूछने पर दुनिया कहेगी मां बड़ी है। यह सच भी है। लेकिन महावीर एक नये सत्य का उदघाटन करते हैं। वे कहते हैं मां बड़ी है यह निर्विवाद सत्य है लेकिन एक दृष्टि से बेटा बड़ा है, मां छोटी है यह भी सत्य है, कारण कि जब बेटा पैदा होता है तब बेटा ही पैदा नहीं होता, मां भी पैदा होती है। वह स्त्री बेटा पैदा हाने से पहले मां नहीं थी और बेटा मर जाये तो भी मां नहीं रहेगी। उसे मां यह संज्ञा बेटा होने के कार

9 घंटे 52 मिनट में सात विधेयक पारित

भोपाल । भले ही विधानसभा का शीतकालीन सत्र पांच दिन का रहा हो, पर नौ घंटे 52 मिनट चली कार्यवाही के दौरान सात विधेयक पारित हुए और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण पर स्थगन स्वीकार करके चर्चा भी कराई गई। विधानसभा ने सर्वसम्मति ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ओबीसी आरक्षण के साथ कराए जाने संबंधी संकल्प भी पारित किया। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने प्रश्नकाल में अधिक से अधिक सदस्यों को प्रश्न करने का मौका मिले, इसके लिए सिर्फ पूरक प्रश्न पूछने का नवाचार भी किया। विधानसभा के सत्र अभी तक तय अवधि से पहले ही समाप्त हो रहे थे, लेकिन इस बार 20 से 24 दिसंबर तक सदन की कार्यवाही हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष की ओर से अपनी बात रखी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण समाप्त किए जाने से बनी स्थिति को लेकर स्थगन प्रस्ताव पर प्रश्नकाल स्थगित करके चर्चा कराई। दोनों पक्षों की ओर से अपनी बात रखी गई और अंत में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन को बताया कि इस मामले में सरकार सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर रही है और ओबीसी आरक्षण के साथ ही चुनाव हों, इसके लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इसके साथ ही ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने के लिए सदन की मंशा जताने वाला संकल्प भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से वसूली का विधेयक पारित किया गया। द्वितीय अनुपूरक बजट के लिए विनियोग, छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम राजा शंकर शाह के नाम पर करने, ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण, काष्ट चिरान विनियमन, भू-राजस्व संहिता में संशोधन विधेयक पारित किए गए। अध्यक्ष ने प्रश्नकाल के दौरान अधिक से अधिक विधायकों को प्रश्न करने का मौका मिले, इसके लिए प्रश्नोत्तरी में दिए प्रश्न और उत्तर को पढ़ने की जगह सीधे पूरक प्रश्न पूछने और प्रश्नकर्ता के साथ बैठक करने की व्यवस्था लागू की। उन्होंने सदन की कार्यवाही पर संतोष जताते हुए कहा कि काफी समय बाद पूरी अवधि तक सत्र चला। विधायकों को इस मंच का अधिक से अधिक उपयोग अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए करना चाहिए।

सरकार ने पेश नहीं किया अध्यादेश संबंधी पंचायत राज संशोधन विधेयक

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार को मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज संशोधन विधेयक प्रस्तुत करना था। 21 दिसंबर को यह कार्यसूची में प्रस्तावित भी किया गया था, लेकिन प्रस्तुत नहीं किया गया। जबकि, सरकार ने इससे संबंधित अध्यादेश के माध्यम के माध्यम से वर्ष 2019 में हुए पंचायतों के परिसीमन को निरस्त करने के साथ पुराने आरक्षण से चुनाव कराने का प्रविधान किया था।

पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति बने जालम सिंह पटेल

पहली बार बनी पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति का सभापति जालम सिंह पटेल को नियुक्त किया है। वहीं, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के निर्वाचन की घोषणा की गई। इसका सभापति प्रदीप लारिया को नियुक्त किया गया है। साथ ही अध्यक्ष ने डा.सीतासरन शर्मा द्वारा इटारसी के अनुविभागीय अधिकारी हरेन्द्र नारायण के विरुद्ध दी गई विशेषाधिकार भंग की सूचना को विशेषाधिकार समिति को जांच के लिए सौंपने का निर्णय लिया गया।

तीसरे पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा ग्वालियर चंबल अंचल का मौसम, बारिश के साथ ओलावृष्टि के आसार

ग्वालियर। जम्मू कश्मीर में पहला पश्चिमी विक्षोभ 22 दिसंबर को सक्रिय हुआ था। इसके सक्रिय होने से राजस्थान में चक्रवातीय घेरा बन गया है, जिसकी वजह से हवा का रुख पश्चिमी हो गया है। अरब सागर से नमी आना शुरू हो गई हैं। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ ईरान के ऊपर है। शुक्रवार को यह जम्मू कश्मीर पहुंच गया। यह पश्चिमी विक्षोभ बड़ी मात्रा में अरब सागर से नमी खींच रहा है। तीसरा पश्चिमी विक्षोभ 26 दिसंबर को विकसित हो जाएगा। तीसरे पश्चिमी विक्षोभ से अंचल का मौसम बदलेगा। दतिया, भिंड, शिवपुरी, श्योपुर में बारिश के साथ ओलों की बौछार हो सकती है। ग्वालियर, मुरैना में बारिश होगी। कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मावठ की बारिश से फसलों के लिए अमृत बरसेगा। जम्मू कश्मीर से गुजर रहे पश्चिमी विक्षोभ व राजस्थान में बने चक्रवातीय घेरे से शहर का मौसम बदल गया। पश्चिमी हवा के चलते रात में कड़ाके की ठंड गायब हो गई। शुक्रवार को दोपहर में तेज धूप होने से अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ, यह सामान्य से 1.8 डिसे अधिक रहा। शाम को हल्के बादल छाने से तपन थम गई। तापमान सामान्य से ऊपर रहने से दिन में भी कंपाने वाली ठंड से राहत रही। मौसम विभाग ने 26 से 29 दिसंबर के बीच बारिश के आसार जताए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजस्थान में चक्रवातीय घेरा बन गया है। इसे अरब सागर से नमी मिल रही है। इससे हवा का रुख पश्चिमी हो गया है। उत्तरी हवा शांत होने से कश्मीर से बर्फील ठंडक का आना बंद हो गया है। इससे रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। न्यूनतम तापमान 7.2 डिसे पर पहुंच गया। सामान्य से 0.1 डिसे अधिक रहा। सूर्य उदय के बाद तेज धूप निकल आई और दोपहर में धूप में बैठने पर चुभ रही थी। सुबह हवा में नमी 87 फीसद पहुंच गई।

मेन रोड से बीआरटीएस लेन हटाने की मांग

बैरागढ़ के कपड़ा और बर्तन व्यापारियों ने कहा- सीहोर नाके से संत हिरदाराम जी की कुटिया तक सिंगल डिवाइडर बने।

भोपाल। बैरागढ़ मेन रोड से बीआरटीएस लेन हटाने की घोषणा पर अमल नहीं हो सका है। डेडीकेटेड लेन में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मिक्स लेन में अधिक ट्रेफिक के कारण कारोबार पर असर पड़ा है। कपड़ा और बर्तन व्यापारी चाहते हैं कि मेन रोड पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड बनने से पहले बीआरटीएस लेन हटा दी जाए।बैरागढ़ के व्यापारियों ने बीआरटीएस लेन निर्माण के समय ही मेन रोड पर लेन बनाने का कड़ा विरोध किया था, लेकिन नगर निगम ने इसे केंद्र की योजना बनाते हुए किसी भी प्रकार का बदलाव करने से इनकार कर दिया था। लेन बनने के बाद से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। डेडीकेटेड लेन में लो-फ्लोर बसा साहत कवल 5 स 10 फासदा ट्राफक ह जबाक ामक्स लेन में 90 फीसदी तक ट्रेफिक है। इस कारण मेन रोड के दोनों छोर से सड़क पार करना मुश्किल हो गया है। कपड़ा, बर्तन एवं किराना व्यापारी चाहते हैं कि लेन को हटाकर यहां सिंगल डिवाइडर बना दिया जाए। इससे बाजार के सामने वाहन खड़े करने की जगह निकल सकती है। नगर निगम इसे पेड पार्किंग भी बना सकता है।

कांग्रेस की घोषणा, भाजपा का समर्थन

पूर्ववर्ती कमल नाथ सरकार के दौरान तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री जयवर्द्धनसिंह ने बीआरटीएस लेन हटाने की घोषणा की थी। जिला योजना समिति के सदस्य नरेश ज्ञानचंदानी के आग्रह पर उन?होंने कहा था कि संतजी कुटिया से सीहोर नाके तक लेन हटाकर सिंगल डिवाइडर बनाया जाएगा। कांग्रेसी मंत्री की घोषणा का भाजपा के स?थानी नेताओं भी समर्थन किया था। क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी कहा था कि लेन हटाने का हम समर्थन करते हैं, लेकिन फिलहाल दोनों पार्टियां इस मुद्दे पर शांत हैं।

कारोबार प्रभावित, पहले लेन हटाएं

कपड़ा, बर्तन एवं किराना व्यापारियों का कहना है कि लेन के कारण कारोबार प्रभावित हुआ है। पुराने बस स्टेंड से के बाद सीधा चंचल चौराहे पर कट प्वाइंट होने के कारण ग्राहकों को परेशान होना पड़ता है। दुपहिया वाहन चालकों को भी लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, इस कारण ग्राहकी कम हो गई है। कपड़ा व्यवसायी किशोर साधवानी एवं सन्नी टेकवानी का कहना है कि मेन रोड पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड योजना में बहुत समय लग सकता है। यह काम शुरू होने से पहले ही मेन रोड से बीआरटीएस लेन हटना चाहिए।

सैनिक स्कूल व एनसीसी के विस्तार में भागीदारी

प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में अच्छे परिणाम लाने का प्रयास

भोपाल। मध्य प्रदेश सैनिक स्कूल, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की इकाइयों के विस्तार में भागीदारी निभाएगा। देश में एक हजार सैनिक स्कूल खोले जाने हैं। ये बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वे वाराणसी में हुए मुख्यमंत्री कान्क्लेव के संबंध में शुक्रवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंत्री विभिन्न् क्षेत्रों में यादगार कार्य करें। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत जनवरी 2022 में प्रदेश आएंगे। सरकार उनके मार्गदर्शन में अत्यंत कम लागत की प्राकृतिक खेती की पायलेट परियोजना शुरू करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश जिस तरह स्वामित्व योजना, सुशासन, आवास निर्माण और स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण की योजनाओं में देश में अग्रणी बना है सभी मंत्री यादगार कार्य कर बेहतर परिणाम लाने का उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश आयुष्मान भारत योजना, श्रम कानूनों में सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, रोजगार के अवसरों में वृद्धि,पीएम स्वनिधि योजना, जैम पोर्टल उपयोग, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने, ड्रोन तकनीक के उपयोग, स्वास्थ्य क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच शिविरों, इज आफ लिविंग, साइबर तहसील, आकांक्षी जिला योजना, निजी निवेश बढ़ाने, लाइट हाउस प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में अच्छे परिणाम लाने का प्रयास करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्राथमिकताओं के लिए संबंधित विभाग और एजेंसियां प्रयास तेज करें।

भोपाल जिले में 90 हजार ने ही करवाया ई-केवाइसी

भोपाल। केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा बिना ई केवाइसी यानी आनलाइन आधार पंजीयन कराए किसी भी व्यक्ति को राशन न देने के आदेश जारी किए गए है। भोपाल शहर के 14 लाख गरीबों का ई केवाइसी होना है, लेकिन इसके बावजूद अब तक महज चार लाख 90 हजार गरीबों का ही ई केवाइसी हो पाया है। 31 दिसंबर तक ई केवाइसी कराना अनिवार्य है। बता दें कि यह एक तरह का आनलाइन सर्वे है, जिसमें ऐसे गरीब जो सालों से राशन लेने नहीं आ रहे है या फिर सिर्फ नाम के लिए बीपीएल सूची में अपना नाम जुड़वा चुके हैं उनके नाम काटने की कार्रवाई भी की जा सकती है। बता दें कि एक राष्ट्र एक राशन कार्ड की व्यवस्था लागू बिना आधार नंबर अपडेट कराए उपभोक्ताओं सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। शहर में 3.17 लाख परिवारों के 15 लाख सदस्यों को हर महीने उचित मूल्य की दुकान से राशन उपलब्ध कराया जाता है। खास बात यह है कि छह माह से जिन उपभोक्ताओं ने उचित मूल्य की दुकान में आकर राशन नहीं लिया है। इनका मौके पर जाकर सत्यापन और आधार अपडेट कराया जाएगा। अस्तित्वहीन पाए जाने पर पात्रता सूची से इनका नाम हटा दिया जाएगा।

अब हर दिन फार्मेसी काउंसिल में 60 लोगों को मिल सकेंगे स्लाट

अब तक हफ्ते में तीन दिन 50-50 प्रत्याशियों को पंजीयन के लिए एमपी आनलाइन से स्लाट दिया जा रहा था।

भोपाल। फार्मेसी काउंसिल में डिग्री/डिप्लोमा के पंजीयन के लिए अब हर दिन 60 लोगों को स्लाट मिल सकेगा। अभी यह क्षमता 50 की थी। इस कारण पंजीयन कराने के लिए उम्मीदवारों तीन महीने तक इंतजार करना पड़ रहा था। मौजूदा स्थिति में फरवरी के पहले किसी को स्लाट नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों ने सीएम हेल्पलाइन और फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार से शिकायत की थी। इसके बाद हर दिन 10 और पंजीयन की व्यवस्था कर दी गई है। फार्मेसी काउंसिल के अधिकारियों ने बताया कि हफ्ते में तीन दिन 50-50 लोगों को पंजीयन के लिए एमपी आनलाइन से स्लाट दिया जा रहा था। बता दें कि पंजीयन कराने के बाद इन उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए फार्मेसी काउंसिल में बुलाया जाता है। फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार केके रावत ने बताया कि हर दिन 50 के मान से हफ्ते में तीन स्लाट पर्याप्त होता था, लेकिन अभी कुछ कोर्स का रिजल्ट आया है, जिससे अचानक से पंजीयन कराने वालों की संख्या बढ़ गई है। पंजीयन में देरी से उम्मीदवारों को यह नुकसान हो रहा है कि वह वह आगे के कोर्स की पढ़ाई या नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। उम्मीदवारों ने नवदुनिया को बताया कि एमपीआनलाइन में आवेदन करने पर फरवरी का स्लाट मिल रहा है। ऐसी स्थिति पहली बार बनी है। स्लाट मिलने के बाद भी दस्तावेजों के सत्यापन में कोई दिक्कत आती है तो पंजीयन अटक जाता है। बता दें कि यहां पर बीफार्मा, डी फार्मा और एमफार्मा का पंजीयन किया जाता है।

कोलार की अमरनाथ कालोनी में आठ करोड़ की लागत से बनेगा खेल मैदान

भोपाल। कोलार वासियों को नए साल पर खेल मैदान की सोगात मिल जाएगी। अमरनाथ कालोनी दामखेड़ा के पास खाली जमीन में आठ करोड़ रुपये से खेल मैदान बनाया जाएगा। इसके लिए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट व हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने खेल परिसर के निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया। मंत्री सिलावट के साथ स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि खेत तक पानी पहुंचाने वाले जल संसाधन विभाग के लोकप्रिय एवं सक्रिय मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान जल संसाधन विभाग के द्वारा खेल परिसर निर्माण किये जाने की घोषणा की थी। खेल परिसर के निर्माण के लिए कोलार की अमरनाथ कालोनी के समीप जल संसाधन विभाग की करीब आठ हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द विभागीय औपचारिकताओ के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा। इसके बाद खेल मैदान बनाने का काम शुरू होगा। क्रिकेट, वालीबाल, बास्केटबाल, टेनिस, फुटबाल सहित अन्य खेल खेले जाने के लिए विकसित किए जाने की तैयारी है। खेल परिसर में इनडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स भी बनाया जाएगा। जिसमे टेबल टेनिस-बैडमिंटन आदि खेल खेले जा सकेंगे।

राजधानी में चौराहों की बदहाली राहगीरों के लिए बन रही मुसीबत

भोपाल। प्रदेश की राजधानी भोपाल को यूं तो स्मार्ट सिटी का दर्जा दिया जाता है, लेकिन यहां के अनेक चौराहों पर बदहाली का आलम है। शहर में स्थित डिपो चौराहे को लीजिए। यहां पहले तो स्थाई रोटरी हटाई, फिर ट्रैफिक सिग्नल लगाया। यह दोनों उपाय काम नहीं आए तो, चौराहे के बीच में जेसीबी का टायर रखकर यातायात नियंत्रित किया जा रहा है। बता दें कि शहर के चौराहों को संवारने के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी ने काम शुरू कर दिया है। ट्रैफिक सिग्नल, लेफ्ट टर्न और उन्नयन के लिए 40 चौराहों पर काम चल रहा है। वहीं 60 अन्य चौराहों का भी चयन होगा। इस काम में आठ करोड़ रुपये खर्च होंगे।

पांच साल की योजना

दरअसल, यातायात विभाग ने अगले पांच साल के लिए विकास योजना तैयार की है। इसमें चौराहों पर लेफ्ट टर्न को क्लियर करने की जरूरत बताई गई थी। इसके बाद स्मार्ट सिटी कंपनी ने इन चौराहों को संवारने का काम हाथ में लिया। पहले चरण में 40 चौराहें चिंह्नित कर उन पर काम शुरू किया गया। जहां पर अधोसंचरना सुधार, लेफ्ट टर्न की व्यवस्था, साइनेस की व्यवस्था एवं ट्रैफिक लाइट में सुधार किया जाएगा। दूसरे चरण में 60 अन्य चौराहों पर काम होगा। वर्तमान में अनेक चौराहे ऐसे हैं, जहां लेफ्ट टर्न, ट्रैफिक सिग्नल समेत अन्य व्यवस्थाएं नहीं है। इसलिए दिसंबर में कुछ चौराहों पर स्मार्ट सिटी कंपनी ने काम की शुरुआत कर दी थी। वर्तमान में शौर्य स्मारक, कोलार समेत कई क्षेत्रों में काम चल रहा है। इन्हें अगले दो-तीन माह में पूरी तरह से संवारने की योजना है। ताकि जाम आदि की समस्या से राहगीरों को निजात दिलाई जा सके।

पीतल को सोना बताकर पांच लाख की ठगी

पीड़ित ने उधार लेकर किया था रुपयों का इंतजाम

भोपाल । मिसरोद में एक दुकानदार शातिर जालसाजों का शिकार हो गया। जालसाज पीतल को सोना बताकर पांच लाख रुपये लेकर फरार हो गए। आरोपितों के निशाने पर दुकानदार करीब एक सप्ताह से था। वह उससे लगातार संपर्क बनाए हुए थे। दुकानदार को जब पूरी तरह से विश्वास हो गया कि उनके पास असली सोना है तो उसने रुपये दे दिए। बाद में जांच कराने पर वह पीतल निकली। पीड़ित ने लालच में आकर अपनी पत्नी के जेवर और करीबी दोस्तों से कर्ज लेकर पांच लाख का इंतजाम किया था। आरोपित सीसीटीवी में कैद हुए हैं। पुलिस ने फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मिसरोद थाने के एएसआइ मानसिंह चौहान ने बताया कि राजधर प्रजापति (40) नवजीवन कालोनी छोला मंदिर में रहते हैं और आशिमा माल के सामने पेटीस का ठेला लगाते हैं। राजधर ने पुलिस को बताया कि गत 15 दिसंबर की दोपहर को मजदूर दिखने वाले दो युवक उनके पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह छिंदवाड़ा से आए हैं और मजदूरी करते हैं। खोदाई के दौरान उन्हें गढ़ा धन मिला है, जिसे वह सस्ते दामों पर बेचना चाहते हैं। उस समय राजधर ने सोना खरीदने से इन्कार कर दिया। दो दिन बाद दोनों युवक दोबारा उनके पास पहुंचे और सोने की दो गुरियां दी। उनका कहना था कि आप इनकी जांच करवा लें, उसके बाद सौदा करें। इस बार राजधर लालच में आ गया। गुरिया की सुनार से जांच कराई तो वह असली सोने की निकलीं। दो दिन बाद दोनों युवक फिर पहुंचे और पांच गुरिया राजधर को दीं। उन्होंने सुनार से चैक करवाया तो वह भी असली सोने की निकलीं।

पांच लाख लेकर थमा गए पीतल

दोनों जालसाजों ने राजधर को बताया था कि उनके पास करीब एक किलो सोना है, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपये होती है, लेकिन वह उसे पांच लाख रुपये में ही बेच देंगे। इस पर राजधर के मन में लालच आ गया और उन्होंने रुपयों की व्यवस्था कर सोना खरीदने की बात कही। उन्होंने अपनी पत्नी के जेवरात गिरवी रखे और दोस्तों तथा रिश्तेदारों से उधार लेकर पांच लाख की व्यवस्था कर ली। 23 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे दोनों ने राजधर को ग्यारह मील स्थित ब्रिज के पास बुलाया। राजधर ने दोनों को पांच लाख रुपये दे दिए। उसके बाद युवकों ने पहले दी गई सातों गुरिया वापस लेकर एक किलो सोना दे दिया। राजधर यह सोना लेकर सुनार के पास पहुंचे तो पता चला कि वह तो पीतल है। पुलिस को जांच के दौरान एक होटल से सीसीटीवी फुटेज मिल गए हैं। इसमें राजधर के साथ दो युवक और एक महिला पीछे आती हुई दिख रही है। संभवत- वह आरोपितों के साथ ही रही होगी। पुलिस ने सभी थानों को फुटेज भेज दी है। इससे आरोपितों को तलाश करने में मदद मिल सके।

राजधानी में रेड- लोकायुक्त ने लीज रिन्युअल के लिए आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

भोपाल । लोकायुक्त टीम भोपाल ने फौती नामांतरण और लीज रिन्युअल के लिए आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पटवारी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त पुलिस ने यह कार्रवाई शुक्रवार को शाहपुरा स्थित मनीषा मार्केट कांप्लेक्स में उस समय की, जब पटवारी ने पहली किश्त के आठ हजार रुपये लिए। आरोपित ने एक लाख रुपये की मांग की थी लोकायुक्त एसपी मनु व्यास के मुताबिक एडवोकेट श्यामराज सोनी ने शिकायत की थी कि उनके पक्षकार के मकान के फौती नामांतरण और लीज रिन्युअल के लिए शक्ति नगर क्षेत्र के पटवारी मंगलेश खंडेलवाल द्वारा एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई है। इस शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त डीएसपी संजय शुक्ला और इंस्पेक्टर रजनी तिवारी के नेतृत्व में टीम को कार्रवाई के लिए भेजा था। शुक्रवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पटवारी मंगलेश खंडेलवाल ने शाहपुरा स्थित मनीषा मार्केट कांप्लेक्स में श्यामराज से आठ हजार रुपये लिए, वैसे ही टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी मनु व्यास ने बताया कि पटवारी रिश्वत मिलने के बाद नामांतरण करने पर अड़ा था। पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत प्रकरण दर्ज कर राजस्व विभाग और उनके अधिकारियों को जानकारी भेज दी है। पटवारी द्वारा लोकायुक्त पुलिस के सामने कुछ और अधिकारियों के नाम भी लेने की बात सामने आ रही है।

प्रस्तावक ने लगाया आरोप, विधायक पति नें झूठा शपथ देकर कराया नामांकन निरस्त..

शहड़ोल। त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत निर्वाचन को लेकर जहां प्रथम चरण के नामांकन दाखिल करनें का समय खत्म हो चुका है वहीं नामांकन वापसी की प्रक्रिया चल रही है। अभ्यार्थी अपनी जीत सुनिश्चित करनें के लिये कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते और जोर अजमाईश का पूरा खेल शुरु हो गया है। जहां ग्राम स्तर पर बैठकों का दौर शुरु है वहीं पुरानें आरक्षण के अनुरुप एक बार फिर ग्राम पंचायतों से लेकर जनपद व जिला स्तर के पदों में कई पुरानें प्रत्यासी मैदान में हैं। और अपनी जीत सुनिश्चित करनें के लिये हथकंडे अपना रहे हैं।

वहीं ताजा मामला जिले के बुढ़ार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत टिकुरी से सामनें आया है जहां सरपंच पद की उम्मीदवारी के लिये दाखिल दो नामांकन में से एक नामांकन को निरस्त करानें के लिये पूरा जोर दूसरे अभ्यार्थी लगा दिया गया। खास बात यह है कि जिस व्यक्ति पर यह आरोप लगाया गया है वह जैतपुर विधानसभा से भाजपा विधायक मनीषा सिंह के पति राजेन्द्र सिंह उर्फ बबुआ पर है।

क्या है पूरा मामला

दरअसल पूरा मामला ग्राम पंचायत टिकुरी के सरपंच पद को लेकर है, जहां सरपंच पद की उम्मीदवारी के लिये ग्राम पंचायत टिकुरी से तत्कालीन सरपंच राजेन्द्र सिंह उर्फ बबुआ जो कि जैतपुर विधानसभा से विधायक मनीषा सिंह के पति भी है उनके द्वारा इस बार फिर सरपंच पद के लिये नामांकन दाखिल किया गया। जिनके विरोध में ग्राम के पूरन सिंह पिता शंभू सिंह नामक व्यक्ति नें भी अपना नामांकन दाखिल किया, इनके नामांकन में प्रस्तावक रामप्रताप सिंह थे।

दबाब बनाकर नामांकन कराया निरस्त

अभ्यार्थी पूरन सिंह व प्रस्तावक रामप्रताप नें आरोप लगाया कि वह अपनी मर्जी से प्रस्तावक बनें थे, सोमवार को देर शाम प्रस्तावक रामप्रताप को राजेन्द्र सिंह को दूसरे के माध्यम से बुलवाये और अपनें साथ गाड़ी में बैठाकर ले गये। रामप्रताप नें बताया कि दो दिन तक उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर घुमाते रहे और साथ रखे, दूसरी तरफ प्रस्तावक का झूठा शपथ पत्र देकर पूरन सिंह का नामांकन भी निरस्त करा दिया ताकि वह निर्विरोध निर्वाचित हो जाये।

थानें सहित, तहसीलदार से शिकायत

पूरे मामले की शिकायत पूरन सिंह नें जहां जैतपुर थानें में दर्ज कराई वहीं, बुधवार दोपहर कांग्रेस जिलाअध्यक्ष सहित कांग्रेसी नेता नरेन्द्र मरावी, नौशेरमा खान, हनुमान खण्डेलावाल, , इस्तियाक खान, लालमन चौधरी, पुष्पेन्द्र शर्मा, ललन सिंह, नत्थू तिवारी, विद्याभूषण, आनंद मोहन जयसवाल सहित कई कांग्रेसी नेताओं के साथ बुढार तहसील पहुंचकर अभ्यार्थी पूरन सिंह व प्रस्तावक रामप्रताप नें शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उनके द्वारा कोई शपथ पत्र ही नहीं दिया गया और झूठे शपथ पत्र पर उनका नामांकन निरस्त करा दिया गया, जिसकी जांच होनी चाहिये और उनकी उम्मीदावारी निरस्त नहीं किया? जाना चाहिये।

पूरा मामला संज्ञान में आया है, संबंधित प्रकरण को वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा जो भी उचित कार्यवाही है वह की जावेगी।

मिनाक्षी बंजारे
तहसीलदार, बुढ़ार

आदिवासी अंचल में इस तरह की घटना पहली बार हुई है, सीधा सीधा आदिवासी आदिवासी अंचल है कभी कोई गुण्डागर्दी नहीं हुई है। यह बहुत बड़ा अपराध हुआ है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का सबको अधिकार है। यदि कोई विधायक ,सांसद या मंत्री या बाहुबली तरह की परिस्थिति तैयार करेगा तो आम आदमी के मौलिक अधिकारों का हनन होगा, हमनें शिकायत दर्ज कराई है और मांग की है कि निष्पक्ष निर्वाचन हो।

आजाद बहादुर सिंह
जिला अध्यक्ष, कांग्रेस, शहडोल

पूरे मामले की जानकारी व सत्यता के लिये राजेन्द्र सिंह से फोन पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होनें फोन नहीं उठाया।

राजेन्द्र सिंह
सरपंच प्रत्यासी टिकुरी
जनपद पंचायत - बुढार

नवनियुक्त भाजयूमो जिला अध्यक्ष का युवाओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत

बुढार। भारतीय जनता युवा मोर्चा शहडोल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रियम मार्तंड त्रिपाठी एवं यूवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुशील रजक का प्रथम खैरहा मंडल आगमन पर यूवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामनिवास कुशवाहा एवं यूवा मोर्चा मंडल महामंत्री राहुल त्रिपाठी के अगुवाई में यूवा कार्यकर्त्ताओ द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शहडोल के जिला महामंत्री दीपक शर्मा, भाजपा मंडल खैरहा के अध्यक्ष विपुल सिंह, मंडल महामंत्री विपिन उपाध्याय, वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप त्रिपाठी उपस्थित रहें। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का फूलमाला से स्वागत कर आपस मे एक-दूसरे को मीठा खिलाया एवं सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला ने यूवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी यूवाओ को पार्टी की रीति नीति और विचारधारा को आत्मसात करने के साथ साथ अन्त्योदय के सिद्धांतों को आम जनमानस तक पहुंचाना है और केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को पात्रता अनुसार लाभार्थियों तक प्रचार-प्रसार करते हुए उन्हें लाभ दिलाना है उन्होने आगे कहा कि आने वाले समय में संगठन की मजबूती के लिए ग्राम केंद्र एवं नगर केन्द्र स्तर पर बैठक आयोजित करेंगे। महामंत्री दीपक शर्मा ने कहा कि यूवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है और यूवाओ के उत्साह और आत्मविश्वास को हमें प्रोत्साहित करना है ताकि संगठन का विस्तार गांव गॉव, शहर शहर में भलीभांति हो सके। मंडल अध्यक्ष विपुल सिंह ने यूवाओ को संबोधित किया जिसमें उन्होंने कहा कि हमें गांव गांव में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में यूवाओ को पार्टी से जोड़ना है और संगठन की विचारधारा को जन मानस तक पहुंचाना है नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रियम मार्तंड त्रिपाठी द्वारा सात नये यूवा कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी में उनका स्वागत किया इस अवसर पर नीरज उपाध्याय, धर्मराज कचेर, राजन यादव, कमलेश यादव, अमोल सिंह, अंकुर त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, प्रिंस त्रिपाठी, ज्ञानेश त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, चन्द्रकांत गुप्ता, धीरज द्विवेदी, शिवम मिश्रा, अतुल द्विवेदी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे,

शहडोल पुलिस ने 02 स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री अवधेश कुमार गोस्वामी द्वारा शहडोल जिले में स्थाई वारंटियो की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश वैश्य के मार्गदर्शन में बुढार पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 21.12.21 को माननीय न्यायालय के प्रकरण के 06 वर्ष पुराने स्थाई वारंटी गजेन्द्र श्रीवास्तव की पत्नी उम्र 68 वर्ष निवासी धनपुरा थाना बुढार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में स0उ0नि0 वेदप्रकाश तिवारी, प्र0आर0 सरिता सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

विनोद, जितेंद्र एवं अमिता के निगम अध्यक्ष बनने पर शहडोल संभाग में हर्ष की लहर

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद गोटिया को मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, श्रीमती अमिता चपरा को मध्य प्रदेश महिला वित्त विकास निगम का अध्यक्ष एवं जितेंद्र लाटोरिया को मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया हैद्य इनके अलावा दर्जनों निगम एवं मंडल अध्यक्ष के नामों की घोषणा भी कर दी गई हैद्य विनोद गोटिया पूर्व में भाजपा के प्रदेश महामंत्री रह चुके हैं, जितेंद्र शहडोल संभाग के संभागीय संगठन मंत्री रह चुके हैं एवं श्रीमती अमिता पूर्व में महिला आयोग की अध्यक्ष भी रह चुकी हैद्य इन सभी के मनोनयन पर शहडोल संभाग के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर देखी जा रही हैद्य मनोनयन पर विधायक मनीषा सिंह जय सिंह मरावी , शरद कॉल ,अनिल कुमार गुप्ता, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा ,अनुपम अनुराग अवस्थी, गिरधर प्रताप सिंह, राजेंद्र भारती, मिथिलेश पयासी, आशुतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शहडोल कमल प्रताप सिंह, अनूपपुर जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम, उमरिया जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा अनिल दुबे दी सुरेश चतुर्वेदी सतीश तिवारी, राकेश पांडे पुष्पेंद्र ताम्रकार, श्रीमती मीना तंवर, महिला मोर्चा अनूपपुर की जिलाध्यक्ष रश्मि खारे, राहुल पांडे ,उमेश मिश्रा, लवकुश शुक्ला, अजय शुक्ला, नगर परिषद के अध्यक्ष कैलाश विश्नोई ,पूर्व अध्यक्ष शालिनी सरावगी, विपुल सिंह, पूर्व विधायक सुदामा सिंह, पूर्व विधायक रामलाल रौतेल, पूर्व विधायक दिलीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश त्रिवेदी, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनूपपुर श्याम नारायण शुक्ला, पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री अशोक सोनी, जिला महामंत्री हीरा सिंह श्याम, जितेंद्र सोनी, सचिता सरवटे आदि ने बधाई प्रेषित की हैद्य

विकास नहीं तो बहिष्कार, रामपुर के ग्रामीण पहुंचे तहसील

शहड़ोल। पंचायत चुनाव में प्रथम चरण के नामांकन के बाद गुरुवार को नामांकन वापसी की अंतिम तारीख थी, इस मौके पर कार्यालयों में अभ्यार्थियों का जमावड़ा लगा हुआ था। वहीं बुढ़ार जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम रामपुर में लगातार मतदान के बहिष्कार के बाद पचास से ज्यादा ग्रामीण एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुंचे और तमाम मुद्दों को लेकर अपनी बात रखते हुये मतदान ना करनें की बात कही।

आखिर क्यों हो रहा विरोध

मतदान के बहिष्कार को लेकर ग्रामीणों नें अपनी तमाम समस्यायें बताते हुये कहा कि बीते लंबे अर्से से उनके क्षेत्र में विकास के कोई कारिय नहीं हुये। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी ग्रामीणों को समुचित रुप से उपलब्ध नहीं हो पा रही है। दूसरी तरफ रामपुर में एसईसीएल द्वारा सैकड़ों एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई हैं, जिसमें अब तक किसानों को रोजगार नहीं मिल सका है।

दिनभर बनी रही गहमागहमी

रामपुर में मतदान को लेकर जहां तहसील कार्यालय में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल बना रहा वहीं रामपुर से? आये ग्रामीणों नें आरोप लगाते हुये कहा कि उनके पंचायत क्षेत्र के ग्राम बेलिया से प्रमोद बैगा द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है जिसमें शपथ पत्र देकर नामांकन वापसी की बात भी कही है, लेकिन जब वह नामांकन वापस लेनें अधिकारियों के समक्ष उपस्थित हुआ तो उसे अधिकारी बैठा लिये और तय समय सीमा तक उसका नामांकन वापस नहीं लिया गया। खास बात यह भी है कि संबंधित उम्मीदवार नें इस बात सिरे से खारिज करते हुये स्पष्ट कहा कि वह अपनी मर्जी से नामांकन दाखिल किया है और वह अपना नामांकन वापस नहीं लेना चाहता है।

ग्राम पंचायत रामपुर के ग्राम बेलिया के एक व्यक्ति द्वारा नामांकन दाखिल किया गया जो समीक्षा में सही पाया गया है, उनके द्वारा नामांकन वापसी का कोई आवेदन समय सीमा में प्राप्त नहीं हुआ है, रामपुर के ग्रामीणों कई छोटी छोटी समस्यायें जरुर हैं जिन्हें आनें वाले दिनों में दूर की जायेंगी ।

मीनाक्षी बंजारे,
तहसीलदार बुढार

बीच बस्ती में हो रहा राइस मिल का संचालन

बुढार प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चन्नाड़ी में बीच बस्ती में राइस मिल का संचालन किया जा रहा है जिसके कारण बस्ती वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैद्य बताया जाता है कि सिंह नामक व्यक्ति द्वारा उक्त राइस मिल का संचालन किया जा रहा है और लोगों को इस राइस मिल से परेशानी भी हो रही है

रातों-रात भट गया तालाब, तालाबों के संरक्षण के प्रति नपा उदासीन

शहडोल। संभागीय मुख्यालय में स्थित तालाबों के संरक्षण के प्रति भले ही प्रशासन और नगर पालिका लाखों दावे करती हैं लेकिन शहडोल में तालाबों के संरक्षण के प्रति प्रशासन निकम्मी साबित हो रही है जिसका नतीजा यह हो रहा है कि अब तालाब गुम होते जा रहे हैंद्य मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 32, जो कि पुराना वार्ड क्रमांक 25 माना जाता है, वहां एक पुरातन तालाब को रातों रात भर दिया गया और प्रशासन मूकदर्शक बने रहाद्य बताया जाता है कि किरण टॉकीज के पीछे स्थित यह तालाब काफी पुराना तालाब रहा है और यहां दुर्गोत्सव में दुर्गा जी एवं गणेश उत्सव में गणेश जी की प्रतिमा भी बैठाई जाती रही हैंद्य कई लोगों ने बताया कि कई महीनों से तालाबों में मलबा फेंका जा रहा था जिसकी शिकायत अनेकों बार प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर पालिका प्रशासन से की भी गई लेकिन प्रशासन की ओर से तालाब के संरक्षण के प्रति किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया और रातो रात तालाब को मलबों से समतल भी कर दिया गया जिसके कारण अब उक्त तालाब मैदान सा दिखने लगा हैद्य सूत्र बताते हैं कि उक्त कृत्य के पीछे चपरा नामक व्यक्तियों का हाथ बताया जाता हैद्य अब देखना यह है कि ऐसे लोगों के खिलाफ प्रशासन द्वारा किस प्रकार की कार्यवाही की जाती हैद्य

तेज ठंड से जन-जीवन हुआ प्रभावित, शाम होते ही घरों की ओर रूख कर रहे नागरिक

तेज ठंड ने बरपाया कहर, लोग हलाकान

***नरसिंहपुर यभाप्र।** समूचा नरसिंहपुर जिला कंपकपाती ठिठुरन की चपेट में है। सर्द हवाओं के साथ ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। गर्म कपड़ों से शरीर ढकने के बाद भी लोग ठंड से राहत नहीं पा रहे हैं। सुबह और शाम बुरा हाल है। कई दिनों से पड़ रही ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। दिन में धूप खिलने के बावजूद सर्दी बरकरार रही। बच्चों को शीतलहर में ठिठुरते हुए स्कूल जाना पड़ रहा है। कई दिनों से जबर्दस्त ठंड का आलम है। शीतलहर के चलते लोग कंपकंपा रहे हैं।*

शनिवार को जिले में सुबह से ही धूप खिली रही, लेकिन ठंड के चलते लोग ठिठुरते रहे। शाम होते ही शीतलहर और बढ़ गई। हाड़ कंपा देने वाली सर्दी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सर्दी में खुली रिक्शाओं व अन्य वाहनों से बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है। शीतलहर का असर बाजार पर भी पड़ रहा है। ग्राहक कम आ रहे हैं तथा शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है।

बुजुर्गों के लिए आफत बनी ठंड

कड़ाके की ठंड सेहत पर भारी पड़ सकती है। यदि सावधानी न बरती जाए तो यह जानलेवा भी है। चिकित्सकों का कहना है कि दिल और श्वांस के मरीजों के लिए इस तरह के मौसम में बड़ी परेशानी खड़ी हो जाती है। तेज ठंड और कोहरे में अस्थमा का अटैक पड़ने की आशंका रहती है। दिल के मरीज सुबह घूमने न जाएं। पूरे कपड़े पहनकर रखें। गुनगुने पानी का सेवन करते रहें। यदि कोई परेशानी हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

नगर पालिका ने की अलाव की व्यवस्था

तेज ठंड को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, जहां शाम के समय लोग आग जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.व्ही. सिंह ने बताया कि नपा द्वारा रेल्वे स्टेशन, बस स्टेंड, जिला चिकित्सालय सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आग जलाने के लिए लकड़ी उपलब्ध करायी जा रही है।

गर्म कपड़े व इलेक्ट्रानिक्स दुकानों पर देखी जा रही अत्याधिक भीड़भाड़

तापमान में गिरावट के चलते गर्म कपड़ों की दुकान पर तो भीड़ है ही इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रानिक्स सामान की दुकानों पर पर खरीदारों की भीड़ बढ़ी है। ठंड से हीटर-ब्लोअर, गीजर का बाजार गर्म हो गया है। दुकानदारों की मानें तो रूम हीटर और ब्लोअर खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या में तीन गुना तक इजाफा हुआ है। कोयला और पत्थर के कोयला की बिक्री भी बढ़ी है। खासकर गर्म कपड़ों और इलेक्ट्रिक-इलेक्ट्रानिक दुकानों पर खूब खरीदारी हुई। शीतलहर के बीच ग्राहकों का जोर उन उपकरणों पर ज्यादा है जो बिजली की खपत कम करते हैं। व्यापारियों के मुताबिक लोग सामान के दाम के साथ उसमें होने वाली बिजली की खपत का हिसाब जरूर लगा रहे हैं। ऐसे में ब्रांडेड सामान की विशेष डिमांड है। हीटर और ब्लोवर के अलावा गीजर और इमरसन राड के भी काफी ग्राहक आ रहे हैं। अभी तो सर्दी की शुरुआत है। ठंड अगर टिकी रही तो यह डिमांड और बढ़ेगी। इधर, बाजार में रजाई-गद्दे, गर्म कपड़ों की भी खूब बिक्री हो रही है। महिलाएं बच्चों की जरूरत के अनुसार गर्म कपड़े खरीद रही हैं। तेज ठंड को देखते हुए दुकानदारों सहित छोटे कपड़ा विक्रेताओं ने माल का स्टाक करके रख लिया है। वही नगर के विभिन्न स्थानों पर फुटपाथ पर गर्म कपड़े बेचे जा रहे है, फुटपाथ पर लगी गरम कपड़ों की दुकानों में पहुंचकर नागरिक गरम कपड़े खरीद रहे है, इन दुकानों पर अत्याधिक नागरिकों की भीड़भाड़ देखी जा रही है।

सांस रोगियों की संख्या में हो रहा इजाफा

जानकारी के अनुसार ठंड ने सांस के रोगियों की संख्या में इजाफा कर दिया है। जिला अस्पताल से लेकर प्राइवेट अस्पताल तक सर्दी, खांसी व सांस फूलने के रोगियों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल में रोजाना सर्दी जनित बीमारियों के मरीज पहुंच रहे है। मौसम बदलने के साथ ही सुबह व शाम को काफी ठंड होने लगी है। मुंह व नाक के द्वारा ठंडी हवा अंदर जाने से सांस की नली में सूजन आ जाती है, जिससे सांस लेने में दिक्कत होती है। ठंड के मौसम में छोटे बच्चों को सांस लेने में परेशानी होती है। सामान्य दिनों की तुलना में सांस के रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

कार्यालयों में दिख रहा ठंड का असर

सरकारी व निजी कार्यालयों में भी ठंड का असर दिख रहा है। सभी दफ्तरों में बाहर धूप में कुर्सियां लगी नजर आती हैं। कर्मचारी मौका देख टेबल छोड़कर बाहर निकल रहे हैं और धूप में बैठकर कुछ पल राहत के बिता रहे हैं। ठंड का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। डॉक्टरों के मुताबिक अधिक ठंड में अस्थमा व हृदय रोगियों को मॉर्निंग वाक से बचना चाहिए। वहीं चिकित्सालय में भी ठंड से बचने के लिए डॉक्टर रूम से बाहर परिसर में टेबिल लगाकर गुनगुनी धूप का आनंद लेते हुए मरीजों का इलाज कर रहे है।

ठंड में दुपहिया वाहन चलाना हुआ मुश्किल

शीत लहर व तेज ठंड के चलते दुपहिया वाहन चालकों को सुबह-शाम मोटर साइकिल चलाना मुश्किल होता जा रहा है। सर्दी का सितम जारी है और लोग अलाव जलाकर आग ताप रहे है। राहगीर भी दुपहिया वाहनों को चलाने में सावधानी बरत रहे है। सुबह शाम वाहनों की आवाजाही कम हो गई हैं। वही रास्ते में दुपहिया वाहन चालक अलाव जलाकर आग तापते नजर आये। उधर ग्रामीण क्षेत्र में खेती किसानी के काम भी बाधित हो गए। किसानों का कहना है कि इस समय गन्ने की पर्चियां छिलने के लिए मजदूर भी कम आ रहे है, जिससे गन्ना छिलाई को किसानों को पापड़ बेलने पड़ रहे है।

ठंड ने बताया असर आम जनजीवन प्रभावित

तेंदूखेड़ा यभाप्र। इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित बना हुआ है। सुबह धूप निकलने के बाद ही लोग घरों से बाहर निकल पा रहें हैं। वहीं शाम के समय जल्दी ही मार्केट बंद हो रहा है। बढ़ी इस ठंडक से जहां गर्म कपड़ों की बिक्री प्रारंभ हो गई है वहीं लोग जहां तहां खड़े होकर आग तापते नजर आ रहे हैं। चूंकि इस भीषण ठंड में अभी तक अलाव की कहीं कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिसका प्रमुख कारण जलाऊ लकड़ी का अभाव माना जा रहा है।

फसलों, सब्जियों में खुलकर दिखने लगा पाला तुषार

पिछले कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी के कारण आसपास जंगल क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों झीलों में पाला तुषार की जानकारी लगी थी लेकिन अब यह पाला तुषार अधिकांशतः क्षेत्रों में खुलकर दिखने लगा है। शुरुआत में एक दो दिन छुट-पुट ही देखा जा रहा था लेकिन अब बड़ी संख्या में देखने को मिल रहा है।

पाटन जनपद की ग्राम पंचायत मिडकी पहली बार हुई निर्विरोध

पाटन। जिले की पाटन जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मिडकी में पहली बार निर्विरोध सरपंच चुना गया जिसमें की नेकनारायण सिंह को सर्वसम्मति से सरपंच चुना गया,नेकनारायण सिंह के समर्थन में चार दावेदारों ने अपना नाम वापिस लेते हुए समर्थन कर पंचायत चुनाव को निर्विरोध बनाया,इस निर्विरोध प्रक्रिया पर समस्त ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए निर्विरोध सरपंच नेकनारायण सिंह को बधाइयां देते हुए ग्राम के विकास को नई दिशा की ओर ले जाने हेतु शुभकामनाएं दीं।

श्रीमती प्रेमवती पटेल का निधन

गोटेगांव-गोटेगांव जनपद पंचायत के पूर्व जनपद अध्यक्ष स्वर्गीय उमराव पटेल दबकिया निवासी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती पटेल का 81 वर्ष आयु में आकस्मिक निधन हो गया है।श्रीमती प्रेमवती पटेल के निधन के निधन पर ग्राम एवं गोटेगांव शहर मे शोक का वातावरण है जिसने भी सुना स्तब्ध रह गया। इस असामायिक निधन पर जाने पर शोक की लहर उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय पूर्व विधायक शेखर चौधरी आचार्य धर्मराज शास्त्री जी मिर्जापुर उत्तर प्रदेश पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोष दुबे सहित परमहंसी गंगा आश्रम एवं जनप्रतिनिधि समाजसेवियों शोक व्यक्त किया और ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें उनके पुत्र सरकार पटेल नेतराज पटेल नाती कृष्णकांत पटेल(पूर्व जनपद सदस्य)बालमुकुंद पटेल को लोगों ने जाकर इस गहन दुख पर सांत्वना देकर उनका।मनोबल बढाया।सरकार सिंह पटेल की माता जी के निधन पर नगर गोटेगांव एवं अनेक सामाजिक संगठनों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

पंचायत के जिम्मेदारों ने कैदी को दी 5 दिन की मजदूरी ,सोहागपुर जनपद के ग्राम पंचायत धनौरा का मामला

जेल में बंद कैदी ग्राम पंचायत में कर रहा मजदूरी

अमलाई। जिले की सोहागपुर जनपद की धनौरा पंचायत में सचिव द्वारा भ्रष्टाचार की सारी मर्यादाएं लांघ दी गई है, ऐसा नहीं है कि ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार का यह पहला मामला है, ग्राम पंचायत में हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की जमकर अनदेखी हुई है, निर्माण कार्य के नाम पर खरीदी गई सामग्री में भी भ्रष्टाचार का खुला खेल-खेला गया है, आरोप है कि ग्राम पंचायत के सचिव ने जितना विकास ग्राम का नहीं किया, उससे कहीं ज्यादा खुद का विकास कर लिया है, ऐसा नहीं है कि कथित सचिव की शिकायतें नहीं हुई है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस पूरे मामले से आंख मूंद रखी है।

यह है मामला

सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायत धनौरा में रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत एक ऐसे व्यक्ति को 5 दिवस की मजदूरी दी, जो बुढार जेल में कैद है, 23 अप्रैल को ग्राम पंचायत धनौरा में कंटोवर टंच निर्माण तुर्री दलान चल रहा था। इस निर्माण कार्य में ग्राम छिरहनी निवासी मन्नू सिंह पिता झिलहा सिंह गोड़ की 23 अप्रैल से 27 अप्रैल तक 5 दिन की हाजिरी मस्टर रोल में दर्ज कर दी गई।

प्रमाणित है भ्रष्टाचार

सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायत धनौरा में भ्रष्टाचार का खुला खेल-खेला गया है, मजे की बात तो यह है कि पूरे मामले की जानकारी होने के साथ ही कागजों में प्रमाण होने के बावजूद जिम्मेदार जांच के नाम पर कागजी घोड़े दौड़ाये जा रहे हैं, चर्चा है कि पूर्व में समय-समय पर जिम्मेदारों को सचिव से मिलने वाले कमीशन के चलते, कार्यवाही करने से परहेज किया जा रहा है, ग्राम पंचायत धनौरा में हुए निर्माण कार्य के दौरान भरे गये मस्टर रोल की जांच हो जाये तो, ऐसे कई मजदूर सामने आयेंगे, जिन्होंने मजदूरी की ही नहीं और मस्टर रोल में उनके नाम दर्ज हैं।

कैदी के खाते में 5 दिन की मजदूरी

खैरहा थाना से मिली जानकारी के अनुसार मन्नू सिंह के विरुद्ध धारा 302, 201, 34 के तहत अपराध दर्ज है, 23 अप्रैल को दोपहर के 1 बजे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उप जेल बुढार भेजे जाने की जानकारी दी गई थी और वर्तमान में भी मन्नू सिंह बुढ़ार जेल में ही है, लेकिन धनौरा पंचायत के जिम्मेदारों ने कथित कैदी को मजदूरी के एवज में 160 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 800 रुपये की मजदूरी भुगतान बैंक खाते में कर दी। बीते दिनों संभागायुक्त ने कहा था कि ग्राम पंचायतों में होने वाले भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद जनपद के मुखिया जिम्मेदार होंगे, लेकिन उक्त मामले में अभी तक किसी की जिम्मेदारी तय न होना अपने आप में बड़ा सवाल है।

नहीं हो पा रही कार्यवाही

जेल में बंद कैदी ने कैसे मजदूरी की यह तो समझ से परे हैं, लेकिन पूरी योजनाओं के लिए शासन ने सबकी जिम्मेदारी तय की हुई है, जीआरएस, सचिव, सरपंच द्वारा फीडिंग कराई जाती है, उपयंत्री मौके पर मूल्यांकन करते हैं, सहायक कार्यक्रम अधिकारी वैरीफिकेशन और अंत में जनपद पंचायत की आईडी से मजदूरी भुगतान कर दिया जाता है। जबकि इस पूरे मामले को देखकर ऐसा लगता है की मनरेगा योजना को देखने के लिए रखे गए कर्मचारियों से आंख बंद कर भ्रष्टाचार का खुला-खेल-खेला है, लेकिन जनपद सहित जिले में बैठे जिम्मेदार ने महीनों बीतने के बाद भी कार्यवाही तक की जहमत नही उठा पा रहे हैं।

इनका कहना है

इस मामले में जब सचिव से बात करने का प्रयास किया गया तो, उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

U-19 एशिया कप भारत Vs पाकिस्तान

जीशान जमीर के सामने लड़खड़ाई भारतीय पारी 41 पर गंवाए 4 विकेट, कप्तान यश 0 पर आउट

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खेले जा रहे अंडर-19 के मुकाबले में भारत की बेहद खराब शुरुआत रही है। जूनियर टीम इंडिया ने शुरुआती 3 ओवर में ही 3 विकेट गंवा दिए। तीनों विकेट पाकिस्तान के तेज गेंदबाज जीशान जमीर ने लिए। उन्होंने पहले ओवर में अंगक्रिश रघुवंशी (0) और इसके बाद मैच के तीसरे ओवर में रशीद क्रीज (6) और कप्तान यश धुल (0) को आउट कर सनसनी फैला दी। तब तक भारत ने महज 14 रन जोड़े थे। जीशान के पास हैट्रिक पूरी करने का मौका था, हालांकि वह ऐसा नहीं कर सके। भारत का चौथा विकेट अवैस अली के खाते में आया। उन्होंने निशांत सिंधु (8 रन) को आउट किया। इससे पहले क्ष्य ने मैच में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया था। ढ्ढहृष्ठ का स्कोर 14 ओवर तक 4 विकेट के नुकसान पर 83 रन है। हरनूर सिंह और निशांत राज बावा क्रीज पर है। इस मैच में भारत की जूनियर टीम अपनी सीनियर टीम की हार का बदला लेना चाहेगी। दरअसल, टी-20 वर्ल्ड कप के लीग मैच में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। यह किसी भी क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान से भारत की पहली हार थी। टूर्नामेंट में दोनों देशों की जूनियर टीमों का अभी तक शानदार प्रदर्शन रहा है।

दोनों टीमें-

भारत अंडर-19 अंगक्रिश रघुवंशी, हरनूर सिंह, शेख रशीद, यश धुल (कप्तान), निशांत सिंधु, राज बावा, आराध्या यादव (विकेटकीपर), कौशल तांबे, राजवर्धन हनगरगेकर, विक्की ओस्तवाल, रवि कुमार। पाकिस्तान अंडर-19 अब्दुल वाहिद, माज़ सदाकत, मुहम्मद शहजाद, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कासिम अकरम (कप्तान), इरफान खान, रिजवान महमूद, अहमद खान, अली असफंद, जीशान जमीर, अवैस अलीमौजूदा टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने ॅश्व को एकतरफा मुकाबले में 154 रनों से हराया था। भारत के लिए हरनूर सिंह ने 120 रनों की पारी खेली थी, जबकि राजवर्धन हनगरगेकर ने ताबड़तोड़ नाबाद 48 रन बनाने के साथ-साथ 3 विकेट भी चटकाए थे। वहीं, पाक ने भी अपने पहले मैच में अफगान टीम को 4 विकेट से मात दी थी। हालांकि, पाकिस्तान टीम के सामने सिर्फ 53 रनों का टारगेट था, लेकिन टीम 6 विकेट गंवा बैठी थी।

पहले मैच में हरनूर सिंह ने भारत के लिए 120 रन की पारी खेली

पहले मैच में टीम इंडिया की इस जीत में हरनूर सिंह ने अहम भूमिका निभाई। हरनूर ने 130 गेंदों पर 120 रन की पारी खेली। इस पारी में 11 चौके भी शामिल थे। हरनूर के साथ ही कप्तान यश ने 63 रनों की शानदार पारी खेली। इसके साथ-साथ राजवर्धन ने 23 गेंदों में नाबाद 48 रनों की विस्फोट पारी खेली। इस तरह भारत ने पांच विकेट खोकर 282 रन बनाए। टीम इंडिया के लिए घातक गेंदबाजी करते हुए राजवर्धन ने तीन विकेट झटके। उन्होंने 9 ओवर्स में महज 24 रन दिए। वहीं विकी ने 6.3 ओवर्स में महज 7 रन देकर दो विकेट लिए। इनके अलावा गर्व और कौशल ने 2-2 विकेट लिए।

SA वनडे सीरीज से पहले सूर्यकुमार का धमाका

नईदिल्ली। इस साल इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज से पहले घरेलू टूर्नामेंट में धमाकेदार पारी खेली है। इसमें उन्होंने डबल सेंचुरी लगाई है। यादव का प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए उम्मीद जगाता है, क्योंकि टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका में 3 टेस्ट और 3 वनडे मैच की सीरीज खेलनी है।

हालांकि अभी वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा नहीं की गई है। सूर्यकुमार यादव ने 74वें पुलिस इन्विटेशनल शील्ड टूर्नामेंट के तीन दिवसीय मुकाबले के पहले दिन पारसी जिमखाना की तरफ से खेलते हुए दोहरा शतक बनाया। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में सूर्यकुमार ने 152 गेंद पर 249 रन बनाए।

कुल 249 में से 178 रन बाउंड्री से बनाए

सूर्यकुमार यादव ने 249 रन की पारी में 178 रन बाउंड्री से बनाए। उन्होंने मैच में 37 चौके और 5 छक्के लगाए। तीन दिवसीय मैच के पहले दिन सूर्यकुमार यादव के दोहरे शतक की बदौलत पारसी जिमखाना ने 90 ओवर में 9 विकेट पर 524 रन का स्कोर बना लिया है। सूर्यकुमार के अलावा आदित्य तारे ने 73, सचिन यादव ने 63 और विक्रांत ने 52 रन की पारी खेली।

लोकल टूर्नामेंट के फाइनल में खेली 249 रनों की आतिशी पारी, 37 चौके और 5 छक्के लगाए मुंबई5 मिनट पहले

आदित्य तारे और सचिन के साथ पार्टनरशिप

सूर्यकुमार ने अपनी पारी में आदित्य तारे और सचिन यादव के साथ दो ब?ी पार्टनशिप कीं। पहले उन्होंने आदित्य तारे के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 124 रन जोड़े। इसके बाद 5वें विकेट के लिए सचिन यादव के साथ 209 रन की बड़ी साझेदारीकी। सूर्यकुमार को आतिफ अतरवाला ने अपना शिकार बनाया। मैच में सिद्धेश लाड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 40 रन देकर तीन विकेट लिए हैं।

इस साल किया था

इंटरनेशनल डेब्यू

सूर्यकुमार यादव ने इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करते हुए 3 वनडे मैचों में 62 की औसत से 124 रन बनाए हैं। वहीं 11 टी-20 इंटरेशनल की 9 पारियों में 35 की औसत से 244 रन बनाए हैं। उन्होंने 3 हाफ सेंचुरी भी लगाई हैं। 31 साल के सूर्यकुमार यादव फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 5 हजार से अधिक रन बना चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 3 हजार के लगभग रन बनाए हैं। उनके ब? अनुभव को देखते हुए उनका साउथ अफ्रीका जाना तय माना जा रहा है। स्ष्ट इस टूर्नामेंट का आयोजन हर साल कराता है। इसमें सभी बड़े खिलाड़ी भाग लेते हैं।

Australian Open

टूर्नामेंट प्रमुख क्रेग टिली को उम्मीद, कोरोना की चपेट में आने के बावजूद साल का पहला ग्रैंडस्लैम खेलेंगे नडाल

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलियन ओपन के प्रमुख क्रेग टिली ने बुधवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि राफेल नडाल कोविड-19 संक्रमित होने के बावजूद मेलबर्न में खेलेंगे। सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के ऑस्ट्रेलियन ओपन में न खेलने के नए संदेह सामने आए हैं। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने सोमवार को कहा था कि अबू धाबी में एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट से घर लौटने के बाद उनकी कोरोना जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह अपनी सभी प्रतिबद्धताओं की जांच कर रहे हैं। वही, ऑस्ट्रेलियन ओपन के निदेशक ग्रेग टिली का मानना है कि नडाल जनवरी में अपने दूसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब को जीतने के लिए ठीक हो जाएंगे।

टिली बोले- नडाल के खेलने की उम्मीद

ऑस्ट्रेलियन ओपन के डायरेक्टर क्रेग टिली ने मेलबर्न में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि राफेल नडाल मेलबर्न में खेलेंगे। उनके मुताबिक जो खिलाड़ी अभी कोरोना संक्रमित हैं, वे तब तक समय की अवधि पूरी करेंगे और वे ठीक हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत 17 जनवरी से होगी। राफेल नडाल अब तक जोकोविच और रोजर फेडरर के बराबर 20 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं।

जोकोविच के खेलने पर संदेह

हालांकि विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच के ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने पर संदेह। क्योंकि उन्होंने कोरोना वैक्सीन लेने की जानकारी देने से इनकार किया है। हाल ही में नोवाक के पिता ने कहा था उनके ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने की कोई गारंटी नहीं हैं। जोकोविच रिकॉर्ड नौ बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीत चुके हैं। टिली के मुताबिक, बिना टीकाकरण वाले खिलाड़ियों और कर्मचारियों के एक छोटे प्रतिशत को ऑस्ट्रेलियन ओपन में चिकित्सा छूट दी जाएगी, लेकिन उनकी पहचान सख्त गोपनीयता प्रोटोकॉल द्वारा संरक्षित थी। टिली ने आगे कहा, यदि नोवाक ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेते हैं तो उन्हें या तो टीका लगाया जाएगा या उन्हें चिकित्सा छूट मिलेगी।

बीजिंग ओलंपिक में सरकारी प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजेगा जापान

जानें क्या है वजह

Winter Olympics 2022

नईदिल्ली। जापान ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह बीजिंग में खेले जाने वाले शीतकालीन ओलंपिक में सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजेगा। लेकिन तीन ओलंपिक अधिकारी भाग लेंगे। जापान ने यह फैसला ऐसे वक्त लिया है जब अमेरिका ने चीन के मानवाधिकार शर्तों का विरोध करने के कारण शीतकालीन खेलों का राजनायिक बहिष्कार कर दिया है। इतना ही नहीं अमेरिका भी इन खेलों में अपना आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजेगा।

मुख्य कैबिनेट सचिव ने दी जानकारी

जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बीजिंग में खेले जाने वाले शीतकालीन ओलंपिक के लिए सरकारी प्रतिनिधिमंडल भेजने की हमारी कोई योजना नहीं है। उन्होंने आगे कहा, टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति के अध्यक्ष सेइको हाशिमोतो, जापानी ओलंपिक समिति के अध्यक्ष यासुहिरो यामाशिता और जापान पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष काजुयुकी मोरी भाग लेंगे। मात्सुनो के मुताबिक, तीन अधिकारी जेओसी और आईपीसी का प्रतिनिधित्व करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक और पैरालंपिक समितियों के निमंत्रण पर भाग ले रहे हैं।

इस वजह से पीछे हटा जापान

बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के लिए एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजने का जापान का निर्णय संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और कनाडा सहित कुछ अन्य लोकतांत्रिक देशों के एक कदम का अनुसरण करता है। इन देशों ने चीन के मानवाधिकारों के उल्लंघन का हवाला दिय था। जिसके बाद जापान ने भी अपना प्रतिनिधिमंडल भेजने से इनकार कर दिया है।

कई बिंदुओं को ध्यान में रखकर लिया फैसला

मुख्य कैबिनेट सचिव के मुताबिक, जापान का मानना है कि चीन के लिए स्वतंत्रता के सार्वभौमिक मूल्यों, बुनियादी मानवाधिकारों के सम्मान और कानून के शासन को गारंटी देना महत्वपूर्ण है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय में सार्वभौमिक मूल्य हैं। उन्होंने कहा जापान ने सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है।

जब Kareena Kapoor के शो में पहुंची Janhvi Kapoor खुद के बारे में कही ये बात

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपने स्टाइल सेंस को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं. एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम हैंडल देखने पर पता चलता है कि उनकी फैन फॉलोविंग दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं जब एक्ट्रेस जाह्नवी करीना कपूर खान के पॉपुलर चैट शो व्हाट विमेन वॉन्ट में पहुंची थी तो डेटिंग के मामले में खुद को फट्टू बता दिया था। दरअसल करीना कपूर खान ने अपने शो में जाह्नवी कपूर से पहले सवाल इस बात को लेकर किया था कि क्या आज के जनरेशन में डेटिंग रोमांस को लेकर यंग लोगों के पास ऑप्शन ज्यादा है? क्या इसका बुरा असर पड़ता है? इस सवाल पर जाह्नवी कपूर ने बताया था कि उन्होंने कभी ऐसे एप्स यूज नहीं किए लेकिन उनके जानने में काफी दोस्त हैं जो डेटिंग एप्स पर मिलते हैं, एक दूसरे को जानते हैं, नई चीजें सीखते हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि इससे एक तरह का खुलापन आया है, जो अच्छा ही है। इसके बाद करीना कपूर खान जाह्नवी से पूछती हैं कि जैसा कि ये शो व्हाट विमेन वॉन्ट अपने आप में महिलाओं को रिप्रेजेंट करता हैं, डेटिंग वाले आज के जमाने में लड़कियां भी अब पहले अप्रोच करने लगी हैं, तो क्या जाह्नवी ने भी किसी को पहले डेटिंग के लिए अप्रोच किया हैं? इस सवाल के जवाब पर जाह्नवी कपूर बताती है कि वो कभी भी ऐसी चीजें नहीं कर पाती, एक्ट्रेस ने खुद को फट्टू बताते हुए कहा, मैं दूर से किसी को देख कर थोड़ा इतरा सकती हूं, अटेंशन लेने में मजा आता है, लेकिन जब अप्रोच की बात आती है तो मैंने ये कभी भी नहीं किया है। वर्कफ्रंट पर जाह्नवी कपूर ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म Mili की शूटिंग खत्म की है। इस फिल्म को जाह्नवी के पापा बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके अलावा जाह्नवी की आने वाली फिल्मों में गुड लक जेरी, मिस्टर एंड मिसेज माही और दोस्ताना 2 शामिल है।

कटरीना कैफ इस हफ्ते से शुरू करेंगी मेरी क्रिसमस की शूटिंग

रणवीर सिंह की 83 दिल्ली में टैक्स फ्री घोषित

कटरीना कैफ और विक्की कौशल 9 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधे थे। अब खबर आ रही है कि कटरीना शादी के बाद सलमान खान की टाइगर-3 की जगह पहले डायरेक्टर श्रीराम राघवन की मेरी क्रिसमस की शूटिंग शुरू करेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे इस हफ्ते से मेरी क्रिसमस की शूटिंग के लिए सेट पर टीम के साथ जुड़ेगीं। बताया जा रहा है कि मुंबई स्टूडियो में फिल्म का शूटिंग शेड्यूल तय किया गया है। कटरीना और विक्की दोनों ने नवंबर के आखिरी में शादी के लिए शूटिंग से ब्रेक लिया था। अब कटरीना जल्द ही अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स पूरे करने के लिए काम पर लौटेंगी। वहीं विक्की ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म सैम बहादुर की शूटिंग शुरू कर दी है।

रणवीर सिंह की 83 दिल्ली में टैक्स फ्री घोषित

एक्टर रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 83 को दिल्ली सरकार ने राज्य में टैक्स फ्री घोषित कर दिया है। इस बात की जानकारी हाल ही में फिल्ममेकर कबीर खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी। पोस्ट में उन्होंने 83 को दिल्ली में टैक्स फ्री करने के लिए CM अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का धन्यवाद भी किया। कबीर खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर के अलावा दीपिका पादुकोण, पंकज त्रिपाठी समेत कई कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 1983 में भारतीय क्रिकेट टीम की वर्ल्ड कप की जीत पर आधारित है। 1983 में कपिल देव ने देश को पहली बार वर्ल्ड कप का तोहफा दिया था। रणवीर सिंह फिल्म में कपिल के किरदार में नजर आएंगे।

ये.. है... जबलपुर का नगर निगम

सड़क टेण्डर प्रक्रिया में गड़बड़ी, कर्नाटक का ठेकेदार बनाएगा

8 करोड़ में तैयार होंगी शहर की 8 सड़कें

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम जबलपुर में सड़क टेण्डर प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई है। एक ऐसे ठेकेदार को सड़कें बनाने का जिम्मा सौंपा गया है जिसको शहर की जानकारी ही नहीं है। नगर निगम ने कर्नाटक के ठेकेदार को शहर की 8 सड़कें बनाने के लिए 8 करोड़ का ठेका दिया है। इसको लेकर विवाद शुरू हो गया है। इस प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले ठेकेदार चंद्रकांत सोनकर ने नगर निगम अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

ठेकेदार चंद्रकांत सोनकर ने आरोप लगाते हुए बताया कि नगर निगम अधिकारियों ने सड़क ठेके में भ्रष्टाचार किया है। कर्नाटक की एक ठेका कंपनी को सड़क बनाने की जिम्मेदारी दी गई जबकि इस प्रक्रिया में शहर के सरकारी ठेका कंपनी ने हिस्सा लिया था। जानकर हैरानी होगी कि सरकारी ठेका कंपनी इस प्रक्रिया क्यों दूर कर दिया गया इसकी जानकारी तक नहीं पहुंचाई। शहर में 8 सड़कें 8 करोड़ से बननी है जिसमें अच्छा खासा पैसा ठेकेदार को बचेगा जिसका कमीशन नगर निगम के अधिकारियों के जेब में आएगा।

कोई खामी नहीं फिर भी निरस्त कर दिया ठेका

ठेकेदार चंद्रकांत सोनकर का आरोप है कि टेण्डर प्रक्रिया की सारी शर्ते पूरी करने के बाद भी नगर निगम द्वारा टेण्डर निरस्त कर दिया है। अधिकारियों से जब पूछा गया तो उन्होंने तकनीकी खामियों का जिक्र करते हुए मामले से पल्ला झाड़ लिया।

अक्टूबर में निविदा आमंत्रित की गई थी

शहर की 8 सड़कों को बनाने के लिए नगर निगम द्वारा अक्टूबर में ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की थी। जिसमें चंद्रकांत सोनकर, श्याम कंस्ट्रक्शन और तराड़े बदर्श कर्टनाक की कंपनी ने निविदाएं डाली थीं। इस प्रक्रिया से तकनीकी खामी बताकर चंद्रकांत सोनकर, श्याम कंस्ट्रक्शन को अलग कर दिया जबकि कर्नाटक के ठेकेदार को ठेका दे दिया गया।

ऑनलाइन हुआ ठेका, गड़बड़ी का सवाल नहीं

नगर निगम भवन अधिकारी राजेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सड़क टेण्डर प्रक्रिया में नगर निगम ने किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होती है इसलिए गड़बड़ी होने का सवाल ही नहीं उठता है। ठेका कंपनी के दस्तावेज नहीं होने पर आवेदन निरस्त किए गए हैं जबकि जिस ठेकेदार के दस्तावेज पूरे थे उनके नाम का टेण्डर खोला गया है।

डॉ पवन स्थापक भारत डायनामिक्स लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक

जबलपुर। भारत सरकार रक्षा मंत्रालय से जारी आदेश के तहत ख्यातिलब्ध नेत्र चिक्तिसक डॉ. पवन स्थापक को भारत डायनामिक्स लि. का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है । स्मरणीय है की भारत डायनामिक्स लि. भारत में गोला बारूद और मिसाइल प्रणाली के उत्पादक के रूप में जाना जाता है जो हैदराबाद में 1970 से निर्देशित हथियार प्रणाली बनाने का कार्य कर रहा है जहाँ पर अग्नि,आकाश,टॉरपीडो,मिलान 2 टी, कॉनकोर्स रू ,इन्वार आदि मिसाइलों का गौरवशाली निर्माण हुआ है। भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के परिवर्तन के प्रतिनिधि के मुहिम के तहत डॉ पवन स्थापक नॉन ऑफिशियल निदेशक के लिए चुने गए है जो वहां पे निगरानी और सलाहकार की भूमिका का निर्वाह करेंगे । स्वतंत्र निदेशक कॉर्पोरेट प्रशासन के एक महत्त्वपूर्ण संस्थान के रूप में कार्य करते है जो महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर एक स्वतंत्र निर्णय के साथ कौशल के विविध समूह लेकर बोर्ड में महत्त्वपूर्ण योगदान देते है।

आकर्ष टाऊनशिप के बिल्डर ने दिया धोखा

ऐसे सुरक्षा गार्ड तैनात किए जो खुद दो कदम नहीं चल पाते

जबलपुर, यशभारत। विजय नगर आकर्ष टाऊनशिप कॉलोनी के वाशिंदों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का ज्ञापन सौंपकर टाऊनशिप के बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने की मांग रखी।

कॉलोनी के नागरिकों ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि बिल्डर ने सम्पूर्ण कालोनी चारों ओर से घिरी रहेगी जिसमें एक ही मुख्य द्वार रहेगा और मुख्य द्वार पर चौकीदार के लिये चौकी का निर्माण किया जावेगा । मुख्यद्वार पर 24 घंटे सुरक्षा के लिये चौकीदार रहेगा । 24 घंटे सी सी टी वी कैमरे से सम्पूर्ण कालोनी की सूरक्षा की द्रष्टि से चौकीदारी होगी । कालोनी की सफाई के लिये स्वीपर उपलब्ध रहेगा । दो गार्डन पूणज़ रूप से डेवलप कर दिये जावेगे व जिसमे रात्रि में प्रकाश की उत्तम व्यवस्था रहेगी साथ में फाउन्टेन , कुर्सी व झूले की व्यवस्था रहेगी । कालोनी परिसर में एक मंदिर भी होगा । कालोनी परिसर

में बिजली के पोल व रात्रि में प्रकाश के लिये सम्पूर्ण परिसर में उत्तम प्रकाश की व्यवस्था रहेगी । जैसे वादे किए गए थे लेकिन आज तक कॉलोनी में विकास से संबंधी काम नहीं कराएंगे।

न्यायाल से स्थगन फिर भी रजिस्ट्री कराई जा रही है

कॉलोनीवासियों ने ज्ञापन में बताया कि बिल्डर के द्वारा प्लाटो की रजीस्ट्री करवाई जा रही है म प्र उच्च न्यायालय से स्थगन बिल्डर द्वारा केता को न तो रजिस्टी के पूवज़्व पश्चात इस प्रकार की जानकारी दी गई कि उपरोक्त जमीन का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है व रजिस्ट्री में बाकायदा लिखा जा रहा है कि उपरोक्त जमीन का न्यायालीन विवाद नहीं है ।

एक फर्म के दो प्रोप्राईटर कैसे हो सकते हैं

वाशिंदों ने बताया कि टाऊनशिप का खसरा श्रीमति आरती जायसवाल पत्नि राजेन्द्र जायसवाल के नाम से राजस्व में दर्ज है परन्तु जो प्लाटो की रजिस्ट्री की जा रही हे उनमें विक्रेता का नाम श्रीमति आरती जायसवाल पत्नि राजेन्द्र जायसवाल प्रो 0 आकर्ष कंस्ट्रक्शन द्वारा पीओए धारक आकर्ष जायसवाल पिता राजेन्द्र जायसवाल प्रो आकर्ष कंस्ट्रक्शन के नाम से की जा रही है । एक ही फर्म के दो प्रोप्राईटर कैसे हो सकते है ।

ईंटों से भरे वाहन से टकराई बस

रोड के किनारे बनीं टपरियों में घुसी, 3 घायल

जबलपुर, यशभारत। कटंगी के पोला तिराहा में आज शनिवार को दमोह से जबलपुर आ रही यात्रियों से भरी बेकाबू बस ईंटों से भरे वाहन से टकरा गई। हादसे में ईंटो से भरा वाहन पटल गया, इस दौरान बस भी अनियंत्रित होकर रोड के किनारे बनी टपरियों में जा घुसी। घटना के दौरान बस में सवार यात्रियों में भगदड़ मच गयी। जिसमें तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज हेतु ले जा गया है । हादसे के दौरान बस का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है । जबलपुर आ रही बस क्रमांक एमपी 24 पी 4025 कटंगी के पोला तिराहा में ईंटो से भरी 407 से टकरा गई। बस में करीब दो दर्जन यात्री सवार थे।

बस में मची चीख पुकार

पुलिस ने बताया कि बस की रफ्तार तेज थी, जिसके चलते बस 407 से जा टकराई। इस दौरान यात्रियों में भगदड़ मच गयी। हादसे में तीन लोग घायल हुए है। पुलिस ने बस जब्त कर, मामले को जांच में लिया है।

मैरी क्रिसमस एवं नये वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रभु का जन्म हुआ

मैं आपको सभी लोगों के लिए बड़े आनंद का सुसमाचार सुनाता हूँ। आज दाऊद के नगर में आपके मुक्तिदाता प्रभु मसीह का जन्म हुआ है। नबी इसायाह 700 वर्ष पूर्व भविष्यवाणी की थी (7:14)- प्रभु स्वयं तुम्हें एक चिन्ह देगा और वह यह है- एक कुँवारी गर्भवती होगी। वह एक पुत्र को प्रसव करेगी और उसका नाम इम्मानुएल रखेगी।卐 इसी को आगे बढ़ाते हुये संत मत्ती अपने सुसमाचार 1:23 में कहते हैं- इम्मानुएल का अर्थ है, ईष्वर हमारे साथ है। प्रभु ने जन्म लेकर मनुष्यों के साथ सदा-सर्वदा रहना चाहा जिससे मनुष्यों को अकेलापन महसूस न हो बल्कि प्रभु अपने जन्म के द्वारा मनुष्यों को ये ढाढ़स और दिलासा देता है कि वह कभी भी मनुष्यों को नहीं त्यागेगा। जैसा कि वचन कहता है, नबी इसायाह 49:15 क्या स्त्री अपना दुधमुँहा बच्चा भुला सकती है? क्या वह अपनी गोद के पुत्र पर तरस नहीं खायेगी? यदि वह भुला भी दे, तो भी मैं तुम्हें कभी नहीं भुलाऊँगा। मैंने तुम्हें अपनी हथेलियों पर अंकित किया है। जब ईष्वर प्रत्येक मनुष्यों को अपने हथेलियों में अंकित करता है तो उसे वह कभी नहीं भूलता है। लेकिन हम मनुष्य अपने ही लोगों को जरुरतों में ही याद करते हैं और जब हमारी जरुरतें पूरी हो जाती हैं तो हम अपने ही लोगों को भूल जाते हैं। जब हम अपने ही लोगों को भूल जाते हैं, अपने ही लोगों से अलग हो जाते हैं तो जिस प्रभु ने सबकुछ छोड़कर आपके लिए इस संसार में जन्मा, उसके साथ हम कैसे संबंध जोड़ सकते हैं क्योंकि संत योहन के पहले पत्र 4:20 में हम पढ़ते हैं कि यदि कोई यह कहता है कि मैं ईष्वर को प्यार करता हूँ और वह अपने भाई से बैर करता, तो वह झूठा है। यदि वह अपने भाई को, जिसे वह देखता है, प्यार नहीं करता, तो वह ईष्वर को, जिसे उसने कभी नहीं देखा, प्यार नहीं कर सकता। प्रभु का जन्म हमें ये याद दिलाता है कि जिस प्रकार प्रभु ने हमें प्रेम किया, उसी प्रकार हम भी एक-दूसरे को प्यार करें।

फादर रंजीत लकड़ा

JOHNSON ENGLISH MEDIUM
HIGHER SECONDARY SCHOOL
Narmada Road,Jabalpur Tel: 0761-4034114,4036277
Merry Christmas and a prosperous New Year
ADMISSIONS OPEN
Nursery, K.G. and Class I to XII (All Subjects)
Maths, Bio, Commerce & Arts
Our New Branch : JOHNSON ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Admission Open: Nursery to Class V (MP Board)
(Age for Nursery Three Year)
Behind Methodist Centre, Napier Town, Jabalpur Contact : 9131604344

देखो सच्चा उद्धारकर्ता आ गया, क्या आपने उद्धार पाया

प्रभु यीशु मसीह के अतुल्य एवं अतिसामर्थी नाम में आप सभी को जय मसीह की एवं क्रिसमस की ढेरों शुभकामनाएंण् प्रियों आज का दिन क्रिसमस के रूप में सारे संसार में मनाया जाता हैए बहुत से लोगों के मन में इस बात को जानने की जिज्ञासा होगी की आखिर प्रभु यीशु मसीह कौन हैं और यह पर्व सारे संसार में प्रमुखता से मनाया जाने वाला पर्व क्यों हैघ् आदरणीय पाठकों बाइबिल बताती है की सनातन काल से उपस्थित परमेश्वर प्रभु यीशु मसीह आज से लगभग 2000 वर्ष पूर्व अपनी सनातन महिमा एवं निवास को छो?कर इस पृथ्वी पर मनुष्य रूप धारण करके इजराइल देश के बेथलेहम में पैदा हुआण् आदरणीय पाठकों आपको यह बात जानना जरुरी है कि यीशु मसीह सनातन काल से उपस्थित परमेश्वर हैए वह 2000 वर्षों पूर्व मनुष्य बनकर हमारे बीच में डेरा कियाए इसका मतलब यह नहीं है की उसकी उत्पत्ति 2000 वर्ष पूर्व हुईए वह तो आदि काल से उपस्थित परमेश्वर है तथा परमेश्वर की त्रिएकता अर्थात शिताए पुत्र एवं पवित्र आत्मा का दूसरा व्यक्ति हैए जिसे परमेश्वर की त्रिएकता में परमेश्वर पुत्र कहा जाता हैण् पर्मेश्वरीय त्रिएकता में आदि काल से उपस्थित वही परमेश्वर अर्थात यीशु मसीहए सारे संसार को पापों के बंधन से छु?ाने के लिए हमारे बीच में अपने स्वर्गीय स्थानों को छो?कर शिताश् की इच्छा अनुसार कुंवारी मरियम से पैदा हुआण् प्रिय पाठकों प्रभु यीशु मसीह जो की परम पवित्र परमेश्वर है वह अपने स्वर्गीय स्थानों को छो?कर इस संसार में हमें पापों से बचाने के लिए उस रीति से नहीं आ सकता था जिस रीति से इस संसार में हम मनुष्य जन्म लेते हैंए इस कारण बाइबिल बताती है की परमेश्वर पिता की योजना के अनुसार मरियम जो की एक कुंवारी एवं परमेश्वर के अनुसार चलने वाली स्त्री थीए उस पर परमेश्वर का अनुग्रह हुआऔर बिना पुरुष की भागीदारी के पवित्र आत्मा के द्वारा कुंवारी मरियम से यीशु पैदा हुआए वही यीशु मसीह हमारे बीच में आयाए उसने हमारे बीच में अद्भुत अद्भुत काम कियेए उसने मुर्दों को जिन्दा कियाए अंधों को आँखं दींए लंग?ो को चलाया एवं अत्यंत अद्भुत काम कियेण् उस पवित्र का लहू हमारे पापों के लिए बहाया गयाए उसे मारा गया, गाडा गया और तीसरे दिन मुर्दों में से वह जीवित हुआ और वह हमेशा जीवित है।

फादर वैभव

किसमस का उद्देश- ईश्वर हमारे साथ

डॉ.फा. डेविस जार्ज

क्रिसमस की रात एक अद्भुत रात थी उसी रात को स्वर्गदूतो का सन्देश सुनकर चरवाहों ने नवजात बालक का दर्शन करने आये। ज्योतिषियों ने नवजात मुक्तिदाता के जन्म का सन्देश एक विशेष तारा को उदित देखकर साष्टांग प्रणाम करने आये, क्योंकि उस दिन संसार के अंधकार को दूर करने के लिए हमारे प्रभु यीशु ने संसार की ज्योति के रूप में जन्म लिया। मनुष्य को पाप, नफरत, घमंड, ईर्ष्या, स्वार्थ, से छुटकारा दिलाकर प्रेम, क्षमा, दया, और सेवा की राह पर चलने के लिए इस धरा पर आये और इंसान के बीच इंसान की तरह जन्म लिया। परमेश्वर पिता ने संसार से इतना प्रेम किया की अपने एकलौते पुत्र को इस संसार में भेजा। क्रिसमस का मुख्य सन्देश है की हम कभी अकेले नहीं चले कितना भी अंधकार हो, ठंडी रात हो, कितनी भी बीमारी हो, चाहे कितना भी करोना और ओमीक्रोन का भय हो, हम कभी अकेले नहीं है। ईश्वर इंसान बन गया हमको साथ देने के लिए, साथ चलने के लिए और हमको मुक्ति देने के लिए। 700 वर्ष पहले ये लिखा गया था की हमारे लिए एक मुक्ति दाता जन्म लेगा जिसका नाम इम्मानुएल होगा जिसका मतलब है की ईश्वर हमारे साथ है। निराशा के बीच आशा देने के लिए, अकेलेपन के बीच में साथ चलने के लिए, भयभीत मन को हौसला और हिम्मत देने के लिए ईश्वर ने जन्म लिया।क्रिसमस की चुनौती यह है की हम और एक नई भाईचारे का निर्माण करे जो प्रेम, सेवा, अनुकम्पा, और क्षमा पर आधारित हो। हम दुसरो के प्रति संवेदनशील बन कर एक नए समाज की रचना में, प्यार की सभ्तया को बनाने, वासुदेव कुटुम्कम की नवनिर्वाण हेतु समर्पित रहे। अज्ञान, नफरत, दूरियों, वैमनस्य और लालच को छोड़कर दूसरो के जरूरतों के प्रति संवेदनशील बने। क्रिसमस तभी बनाते है जब हम दूसरो के प्रति संवेनशील बनकर पूर्ण मानवजाति को प्रेम के अटूट सूत्र में बांधने के लिए प्रयन्तशील रहते है और दूसरो के लिए अपने को समर्पित करते है। तुम संसार की ज्योति हो पहाड़ पर बसा हुआ नगर छिप नहीं सकता। लोग दीपक जला कर पैमाने के नीचे नहीं, बल्कि दीवट पर रखते हैं, जहाँ से वह घर के सब लोगों को प्रकाश देता है। उसी प्रकार तुम्हारी ज्योति मनुष्यों के सामने चमकती रहे, जिससे वे तुम्हारे भले कामों को देख कर तुम्हारे स्वर्गिक पिता की महिमा करें।

डायरेक्टर
संत अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ़टेक्नोलॉजी

With Best Complements From:
St. MARY'S HIGHER SECONDARY SCHOOL
Near Vehicle Factory Estate, Jabalpur Ph: 0761-2330726
(Hindi & English Medium)
(Recognized by Govt. of Madhya Pradesh)
and
ST. GEORGE ORTHODOX CHURCH
RIDGE ROAD, JABALPUR
Ph: 0761-2600265
We wish a Happy Christmas and Prosperous New Year 2022
By Management Committee, Principal, Staff & Students.
Admission will be started from 3rd January 2022 for Nursery, L.K.G., U.K.G. & Class I for the Session 2022-23 for both English and Hindi Medium
Pee-Kay

St. Thomas Higher Secondary School
Mata Mariam Chowk, Denning Road Civil Lines, Jabalpur
Ph.- 0761-2602486, 9039051105
E-Mail - stthomasjbp2016@gmail.com
St. Thomas Family Wishes You a Very
Happy Christmas & Prosperous New Year 2022
Admission Open Class LKG to 12

We wish You a
Happy Christmas
CLOCK TOWER
Chinese Restaurant
NEAR OMTI BRIDGE, GHANTA GHAR JABALPUR (MP)

St. Aloysius College (Autonomous)
(Reaccredited 'A+' by NAAC (CGPA : 3.68/4.00)
College with Potential for Excellence by UGC)
DIST-FIST Supported & Star College Scheme by DBT
&
St. Aloysius Institute of Technology
Near Ekta Market, Gaur Bridge
Mandla Road, Jabalpur, e-mail :sait@gmail.com
www.staloysiusit.ac.in, Ph: 0761-2601176
9111021375, 9425155175, 9424306411
COURSES OFFERED :
B.Sc.
B.Com.
B.Com. (Hon.)
B.C.A.
B.B.A.
B.A.
B.Ed.
& P.G. COURSES IN :
M.Sc. (Physics)
M.Sc. (Chemistry)
M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology)
M.Sc. (Mathematics)
M.A. (Economics)
M.A. (Political Science)
M.A. (English Literature)
M.Com (Commerce)
BE : COURSES OFFERED :
Electrical & Electronics Engg. (30)
Mechanical Engg. (60)
Civil Engg. (60)
Computer Sc. Engg. (60)
Polytechnic : Courses Offered
Mechanical Engg. (60)
Civil Engg. (60)
Other Courses
B.Sc.- B.Ed. (100)
B.Ed. (100)
D.El.Ed. (100)
B.Com (Plan+Taxtion)
B.Sc. (PCM+Comp. Sci.)
B.B.A.
B.A. (Hist., Geog., Socio., Eng. Liter.)
Join the Heritage of Excellence
WE WISH YOU MERRY CHRISTMAS & HAPPY NEW YEAR

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)